www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 102.705g

चांदी 113,000kg

2 समय के अनुरूप जीएसटी में सुधार, विकास को मिलेगी नई गति

मेडिकल कॉलेज परिसर में आया बाढ़ का पानी 04

वर्ष :09 अंक :76 मुंबई , शनिवार ,06 सितम्बर 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## घायल हाथी की इलाज के लिए भुवनेश्वर ले जाने के दौरान मौत

ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए एक जंगली हाथी की इलाज के लिए भुवनेश्वर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना बृहस्पतिवार की सुबह राउरकेला वन प्रभाग के सोनाखान और सागरा रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। राउरकेला के अनुभागीय वन अधिकारी जशबंत सेठी ने पीटीआई- को बताया, प्रारंभिक उपचार के दौरान पता चला कि हाथी के पिछले दाहिने पैर में चोट लगी थी। हमें उम्मीद थी कि उपचार के बाद उसकी जान बच जाएगी लेकिन बृहस्पतिवार को दोपहर में इलाज के लिए भुवनेश्वर ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। सेठी ने कहा, ऐसा लगता है कि हाथी को आंतरिक चोट लगी थी और आमतौर पर जंगली जानवरों को ऐसी घटनाओं के बाद झटका लगता है जिससे उसकी मौत हुई होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृत हाथी को दफना दिया गया। सेठी ने कहा कि हाथी की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल सकेगा।

## ओडिशा के पारादीप बंदरगाह में जहाज से गिरा चीनी नाविक, तलाश अभियान जारी

ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर एक चीनी नाविक शुक्रवार की सुबह जहाज से समुद्र में गिर गया। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बंदरगाह के अधिकारी उसकी तलाश के लिए अभियान चला रहे हैं। पुलिस के अनुसार, ओडीआरएएफ, सीआईएसएफ, ओडिशा मरीन पुलिस और गोताखोर इस संयुक्त खोज अभियान में मदद कर रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सीढ़ी लगाते समय चीनी नाविक दुर्घटनावश पानी में गिर गया। घटना उस समय हुई जब एक चीनी जहाज पारादीप इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल पर सामान उतारने के बाद रवाना होने वाला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे बचाने के प्रयास में एक बांग्लादेशी नाविक भी समुद्र में कूद गया, जिसे बाद में सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि लापता चीनी नाविक की तलाश जारी है और विभिन्न एजेंसियां मिलकर अभियान चला रही हैं।

# बेटियों की शिक्षा और स्मार्ट शिक्षक से भारत बनेगा ज्ञान महाशक्ति :राष्ट्रपति मुर्मु

### राष्ट्रपति मुर्मु ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया

**शिक्षक दिवस**

▸▸बता दें, देश के दूसरे राष्ट्रपति, एक प्रतिष्ठित दार्शनिक और शिक्षाविद, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है. यह समाज में शिक्षकों के योगदान को पहचानने और उनकी सराहना करने का दिन है.

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दी शिक्षकों को शुभकामनाएं**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई। वे मार्गदर्शक प्रकाश हैं जो युवा मनों को आकार देते हैं, मूल्यों को स्थापित करते हैं और भविष्य के नेताओं को तैयार करते हैं। इस दिन, मैं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि देता हूं, जिनकी दूरदर्शिता और ज्ञान पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को भारत के भविष्य निर्माण में सबसे अहम बताया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के जरिए भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी सम्मान और सुरक्षा के लिए जरूरी है। संवेदनशील शिक्षक बच्चों में आत्मसम्मान और सुरक्षा की भावना जगाते हैं। उन्होंने अपने शिक्षक जीवन को याद करते हुए कहा कि वह उनके जीवन का सबसे सार्थक दौर था। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा गरीब से गरीब बच्चे को भी ऊंचाइयों तक ले जा सकती है और समर्पित शिक्षक बच्चों की उड़ान को ताकत देते हैं। उनके अनुसार, शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार यह है कि छात्र जीवनभर उन्हें याद रखें और समाज व देश के लिए योगदान दें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि यह नीति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के विस्तार और वंचित वर्ग की लड़कियों के लिए विशेष शैक्षिक सुविधाओं पर जोर देती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे खासकर उन छात्रों और लड़कियों पर ध्यान दें जो शर्मीली हैं या कम विशेषाधिकार प्राप्त परिवारों से आती हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि एनईपी 2020 का उद्देश्य भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। इसके लिए हमारे शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए।

**▸▸केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया शिक्षकों को नमन**




### उज्जवल भविष्य की नींव हैं टीचर : पीएम मोदी

**शिक्षक दिवस पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं, टीचरों की प्रतिबद्धता और करुणा की सराहना की**

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने इस अवसर पर छात्रों के मन को पोषित करने के प्रति उनके समर्पण की सराहना भी की. उन्होंने कहा कि शिक्षक एक मजबूत और उज्जवल भविष्य की नींव है. इससे पहले उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की. सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि सभी को, विशेषकर सभी मेहनती शिक्षकों को, शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! मन को पोषित करने के प्रति शिक्षकों का समर्पण एक मजबूत और उज्जवल भविष्य की नींव है. उनकी



प्रतिबद्धता और करुणा उल्लेखनीय है. प्रधानमंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा कि हम एक प्रतिष्ठित विद्वान और शिक्षक, डॉ. एस. राधाकृष्णन के जीवन और विचारों को उनकी जयंती पर याद करते हैं. वहीं, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों को उनके सपनों को साकार करने में मदद करने वाले सभी शिक्षकों को नमन किया.

# दिल्ली-एनसीआर में बाढ़, मंदिर और बाजार डूबे

### राजस्थान के अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में पानी

“आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने पंजाब के बाढ़ राहत कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये देने का वादा किया है। इसके लिए उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत आवंटित राशि और अपने निजी योगदान से धन जुटाया है।

एजेंसी

नई दिल्ली , बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई। इससे 1 हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य में अगले 5 दिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत मिल सकती है। कश्मीर का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कटा कश्मीर में गुरुवार को बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित सभी सड़कें बह गईं या टूट गईं।



**मृतकों की संख्या 43 से ज्यादा हुई**

पंजाब में जारी बाढ़ आपदा ने 14 ज़िलों में अब तक 43 लोगों की जान ले ली है, जबकि पठानकोट में तीन लोग लापता हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था तबाह हो गई है। बाढ़ ने 23 ज़िलों के 1,902 गाँवों को जलमग्न कर दिया है, जिससे 3.84 लाख से ज्यादा निवासी प्रभावित हुए हैं। आपदा मोचन बलों और स्थानीय प्रशासन ने लगभग 21,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया है।

**भाखड़ा और पौंग बांधों में बढ़ते जलस्तर से खतरे की घंटी**

पंजाब में प्रशासन हाई अलर्ट पर है क्योंकि भाखड़ा बांध का जलस्तर 1,679 फीट तक पहुँच गया है, जो इसकी अधिकतम क्षमता से केवल एक फीट कम है। पानी का प्रवाह बढ़ने के साथ, रूपनगर प्रशासन ने सतलुज नदी के आसपास के निवासियों को अलर्ट जारी किया है और तुरंत सुरक्षित क्षेत्रों और राहत शिविरों में जाने का आग्रह किया है। पौंग बांध भी अपनी क्षमता से अधिक हो गया है, जहाँ जलप्रवाह 1.32 लाख क्यूसेक तक पहुँच गया है।

# सीमा विवाद भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती

### चीन पर सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

जनरल चौहान ने क्षेत्रीय अस्थिरता को भी चिंता का विषय बताया और कहा कि भारत के सभी पड़ोसी देश सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक और चुनौती यह है कि युद्ध के क्षेत्र बदल गए हैं – अब इसमें साइबर और अंतरिक्ष भी शामिल हैं। जनरल चौहान ने कहा कि हमारे दोनों प्रतिद्वंद्वी परमाणु शक्ति संपन्न हैं, और यह तय करना हमेशा एक चुनौती बना रहेगा कि हम उनके खिलाफ किस तरह के अभियान चलाना चाहते हैं।



एजेंसी

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को चीन को भारत के लिए 'सबसे बड़ी चुनौती' बताया और कहा कि यह आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए यह बात कही। सीडीएस ने पाकिस्तान द्वारा छेड़े जा रहे छद्म युद्ध को भारत के लिए 'दूसरी बड़ी चुनौती' बताया और कहा कि किसी भी देश के सामने चुनौतियाँ क्षणिक नहीं होतीं, बल्कि विभिन्न रूपों में मौजूद होती हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और आगे भी बनी रहेगी। दूसरी बड़ी चुनौती भारत के खिलाफ पाकिस्तान का छद्म युद्ध है, जिसकी रणनीति 'भारत को हजार जख्मों से लहूलुहान करने' की है। जनरल चौहान ने क्षेत्रीय अस्थिरता को भी चिंता का विषय बताया और कहा कि भारत के सभी पड़ोसी देश सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं।

# दुष्टों का संहार करके ही सुरक्षित रह सकता है राष्ट्र : सीएम योगी

### दुर्गति की ओर ले जाती है किसी भी राष्ट्र के भीतर की अराजकता : सीएम योगी




एजेंसी

- युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में हो रहा आयोजन
- भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी में बतौर अध्यक्षता बोले मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है ।सुरक्षा के माहौल में ही स्मृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है ।सीएम योगी शुक्रवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर आयोजित संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि, कोई राष्ट्र वा रूप से सुरक्षित हो और आंतिरक रूप से सुरक्षित न हो तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है।

**भारत मां के प्रति दुस्साहस बर्दाश्त नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिककाल से ही भारत में यह शिक्षा दी गई है कि धरती हमारी माता है। कोई भी सुयोग्य पुत्र मां के साथ अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत मां की आन, बान, शान के प्रति किसी ने दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ हर भारतीय खड़ा होगा। सीएम योगी ने रामायणकाल में उपद्रवियों के नाश के लिए प्रभु श्रीराम के निसिचर हीन करहुं महिङ्ग संकल्प को रामराज की आधारशिला बताया। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्के उद्घोष को संदर्भित करते हुए कहा कि नागरिकों का संरक्षण और दुष्टों का संहार राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपरिहार्य है।

### उमर ने बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए

बाढ़ के बाद के परिदृश्य पर यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी की आपूर्ति और सड़क संपर्क सहित आवश्यक सेवाओं की शीघ्र बहाली के भी निर्देश दिए।

एजेंसी



जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घाटी में बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों में मजबूत व्यवस्था करने, जलमग्न गांवों से लोगों को निकालने तथा चौबीसों घंटे निगरानी करने के शुक्रवार को निर्देश दिए। बाढ़ के बाद के परिदृश्य पर यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी की आपूर्ति और सड़क संपर्क सहित आवश्यक सेवाओं की शीघ्र बहाली के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री ने आज सुबह बाढ़ के बाद की स्थिति पर एक बैठक की अध्यक्षता की और संवेदनशील स्थानों में व्यवस्था को मजबूत करने, जलमग्न गांवों से लोगों को निकालने, नियंत्रण कक्षों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी करने, प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा करने और समय पर सलाह जारी कर निवासियों से सतर्क रहने, न घबराने और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह करने के निर्देश दिए।

# जोधपुर में आरएसएस की 3 दिवसीय राष्ट्रीय समन्वय बैठक शुरू

**संघ प्रमुख मोहन भागवत मौजूद**

कुल मिलाकर 320 कार्यकर्ता बैठक में भाग लेंगे। बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और सीनियर नेता भी शामिल होंगे। बैठक में देश के विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर पंजाब, बंगाल, असम और पूर्वोत्तर के जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों पर भी चर्चा होगी। संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों पर भी बात की जाएगी। इस बैठक में कोई फैसले नहीं लिए जाते, ना ही कोई प्रस्ताव पास होता है।

एजेंसी



जोधपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं संघ प्रेरित संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक आरंभ हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बैठक में शिरकत की। इस बैठक में 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि समन्वय बैठक 5 से 7 सितंबर तक होगी। बैठक में एबीवीपी, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, विद्या भारती सहित संघ प्रेरित 32 संगठनों के पदाधिकारी और महिला कामों का समन्वय देखने वाली कार्यकर्ता शामिल होंगी। कुल मिलाकर 320 कार्यकर्ता बैठक में भाग लेंगे। बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और सीनियर नेता भी शामिल होंगे।

# महमूद मदनी का दावा, पहलगाम आतंकी साजिश को नागरिक समाज ने रोका, वरना फैल जाती अराजकता

➜ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद मदनी ने पहलगाम आतंकी साजिश को विफल करने का श्रेय देश के नागरिक समाज को दिया। उन्होंने कहा कि नागरिक समाज ने इस हमले के पीछे समुदायों में फूट डालने की साजिश को समझा और उसे नाकाम कर दिया, जो भारत की एकता और सहिष्णुता का प्रतीक है।

एजेंसी



पहलगाम आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करने का श्रेय देश के नागरिक समाज को देते हुए, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद मदनी ने शुक्रवार को कहा कि अगर यह घटना किसी और देश में होती, तो बहुत अराजकता फैल जाती। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, मदनी ने कहा कि देश का नागरिक समाज पहलगाम आतंकी हमले के पीछे की साजिश को समझता है, जिसका उद्देश्य देश में समुदायों के बीच फूट डालना था। उन्होंने इसे ऑपरेशन सिंदूर से भी बड़ी उपलब्धि माना।

**तंज** **हर किसी का अपना हुनर है, श्रीकृष्ण भी नाचते थे**

# तेजस्वी के डांस पर बड़े भाई तेज प्रताप का सियासी तंज

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वी राज्य बिहार में चल रही सियासत के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव विपक्ष की मतदाता अधिकार यात्रा के समापन के एक दिन बाद, पटना के मरीन ड्राइव एक्सप्रेसवे पर लड़कों के साथ नाचते नजर आए। यह वीडियो उनकी बहन रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर शेयर किया और वायरल हो गया। तेजस्वी खुशी-खुशी ग्रुप में शामिल हो गईं और उन्होंने कुछ ट्रेंडिंग डांस स्टेप्स सीख लिए और यहां तक कि बॉलीवुड अभिनेता और शीर्ष डांसर ऋतिक रोशन के सिग्नेचर स्टेप्स की नकल करने की भी कोशिश की। हालांकि, इसको लेकर सियासत तेज हो गई है।




तेजस्वी यादव के बड़े भाई तेज प्रताप यादन ने भी उनपर तंज कसा है। बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने तेजस्वी यादव के नाचते हुए वायरल वीडियो पर कहा कि अगर वह नाच रहे हैं तो मैं क्या कर सकता हूं? अगर वह नाचना चाहते हैं, तो वह नाचेंगे। उन्हें कौन रोक सकता है? कई बार ऐसा होता है जब मैं बांसुरी बजाता हूं। हर किसी का अपना कौशल होता है... युवा नृत्य करने के लिए प्रेरित होंगे। श्री कृष्ण भी नाचते थे। वीडियो में तेजस्वी यादव को एक समर्पित प्रशिक्षु की तरह युवा लड़कों से ट्रेंडी डांस स्टेप्स सीखते हुए देखा जा सकता है, जो उन्हें युवा पीढ़ी का एक सच्चा नेता बनाता है। वीडियो शेयर करते हुए, यादव ने लिखा, ₹16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा कल गर्मी, बारिश और उमस के बीच संपन्न हुई। रात में, सिंगापुर से मेरे भतीजे ने सुझाव दिया कि हम ड्राइव पर चलें। रास्ते में, हमें कुछ युवा कलाकार मित्र मिले जो गा रहे थे और रील बना रहे थे। उन्होंने हमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, इसलिए हमने कोशिश की। हम सब मिलकर, युवाओं की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं, सपनों और आशाओं के साथ तालमेल बिठाते हुए, जाति और धर्म से ऊपर उठकर, सद्भाव, सरलता और सहजता से काम करेंगे और सरकार में बदलाव के माध्यम से एक नया बिहार बनाने का संकल्प लेंगे।

वहीं, हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी जिसमें आरजेडी नेता और उनके भाई तेजस्वी यादव डांस करते नजर आए थे. तेज प्रताप ने कहा कि वह अगर डांस करना चाहते हैं तो करें. कौन रोक सकता है कई बार मैं भी बांसुरी बजाता हूं. हर किसी की अपनी कला होती है. युवा प्रेरणा लेकर डांस करेंगे.

“बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तेजस्वी यादव के डांस वीडियो पर तेज प्रताप यादव ने तंज कसते हुए कहा कि हर किसी का अपना हुनर होता है और अगर वह नाचना चाहते हैं तो उन्हें कोई नहीं रोक सकता, यहां तक कि श्री कृष्ण भी नृत्य करते थे। इस घटना ने राजद परिवार के भीतर की आंतरिक खींचतान और सार्वजनिक बयानों की राजनीति को उजागर किया है।

# उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने अपने समर्थकों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का बचाव किया



○ उपमुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों, और न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ दर्ज कई मामले वापस ले लिए गए हैं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने अपने समर्थकों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा कई आपराधिक मामलों को वापस लेने के फैसले का बचाव किया है। वर्ष 2019 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शिवकुमार की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों के खिलाफ पथराव का मामला दर्ज किया गया था। शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के कार्यकताओं के अलावा विभिन्न संगठनों के सदस्यों से जुड़े मामले वापसलिए हैं। कर्नाटक के मंत्रिमंडल ने राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज 60 मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। वापस लिए गए मामलों में चित्तपुर में 2019 में हुई पथराव की घटना और शिवकुमार के कथित समर्थकों के खिलाफ मामले शामिल हैं। यह मामले ईडी द्वारा शिवकुमार की गिरफ्तारी के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों से जुड़े हैं शिवकुमार ने सवाल किया, कई मामले वापस लिए गए हैं, हमने भाजपा के लोगों, कांग्रेस के लोगों के खिलाफ मामले वापस लिए हैं। जब मुझे ईडी ने गिरफ्तार किया तो भाजपा ने जानबूझकर हमारे कार्यकताओं के खिलाफ कुछ मामले दर्ज किए। इससे पहले कोविड-19 महामारी के दौरान तत्कालीन भाजपा सरकार ने मेरे और मौजूदा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया तथा हमारे कई नेताओंके खिलाफ मामले दर्ज किए थे।

# सम्पादकीय

## रोका जाए धार्मिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग, यह अक्सर विवाद और टकराव का रूप ले लेता है

संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार इस प्रकार दिया गया है कि भारत का पंथनिरपेक्ष चरित्र मजबूत रहे और इन अधिकारों के किसी भी दुरुपयोग की स्थिति में राज्य सांप्रदायिक ताकतों को नियंत्रित कर सके। हमें यह देखना ही होगा कि मतांतरण में संलग्न ताकतें देश के पंथनिरपेक्ष चरित्र में छेड़छाड़ न करने पाएं। उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा के अगले सत्र में पेश किए जाने वाले धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में प्रविधान है कि नौकरी, धन या अन्य उपहारों का लालच देकर किसी व्यक्ति का मतांतरण करने के प्रयास को जबरन पंथ परिवर्तन माना जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है, क्योंकि इसमें अंतःकरण की स्वतंत्रता भी शामिल है। अंतःकरण व्यक्ति के ज्ञान, अंतर्ज्ञान और तर्कशक्ति का मिश्रण है, जो उसे किसी मत-मजहब के सिद्धांतों को समझने और उसके अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कई बार हम आस्था में परिवर्तन को भी एक अधिकार मान लेते हैं। इसलिए जब भी राज्य उपासना पद्धति की स्वतंत्रता के अधिकार की सीमा निर्धारित करने या मत परिवर्तन रोकने का प्रविधान करता है तो कुछ लोग इसे अपने मौलिक अधिकार का उल्लंघन करार देते हैं। यह अक्सर विवाद और टकराव का रूप ले लेता है। मध्य प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और तमिलनाडु सहित करीब दस राज्यों में ऐसे कानून लागू हैं। उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने भी मत परिवर्तन निषेध कानून बनाए हैं। कई और राज्य भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं। मतांतरण के विरुद्ध राजस्थान सरकार ने भी ऐसा एक विधेयक प्रस्तुत किया है। इन सभी कानूनों में एक बात समान है कि विवाह के लिए मतांतरण को संज्ञेय और दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। हालांकि आलोचकों का कहना है कि ऐसे कानून धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के विरुद्ध हैं। इसलिए इन अधिकारों के संवैधानिक पहलुओं को समझना जरूरी है। इसलिए और भी, क्योंकि छल-छद्म से मतांतरण के मामले सामने आते ही रहते हैं। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में कथित छांगुर बाबा की ओर से कराए जाने वाले मतांतरण अभियान का षड्यंत्र आंखें खोलने वाला है। संविधान में अनुच्छेद 25-28 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है। एक ओर ये अधिकार समानता के सिद्धांत पर आधारित हैं, वहीं दूसरी ओर इनका सार धार्मिक सहिष्णुता है। यही भारत में पंथनिरपेक्षता का आधार भी है। इसीलिए संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा उद्देशिका में पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने के बाद इसे परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं रही।

## आज का विचार

"सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते है, सपने वह है जो हमको नींद नहीं आने देते।"

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशिः** आपका ज्यादा समय सेवा तथा पुण्य के कार्यों में व्यतीत हो सकता है। इनमें आप धन खर्च करना भी पसंद करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी के चलते आपका मन परेशान रह सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर होगा। जल्दबाजी या क्रोध से नुकसान हो सकता है।

**वृषभ राशि :** राजनीतिक क्षेत्र में प्रतिद्वंदी आपसे आगे निकलने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन सोच-समझकर फैसले लेने से आप स्थिति को संभाल सकते हैं। इससे धीरे-धीरे सफलता के मार्ग आगे बढ़ते जाएंगे। लेकिन इस समय आपको कोई भी नया काम शुरू करने से बचना चाहिए।

**मिथुन राशिः** आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और कामकाज की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बौद्धिक और व्यावसायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि :** कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा लिए गए निर्णय लाभ दिलाने वाले रहेंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और शुभ कार्यों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। व्यापार के मामले में संपर्क बढ़ने से आपको लाभ कमाने के मौके मिलेंगे। ऐसे में तनाव भी कम होगा।

**सिंह राशि :** आपका दिन उत्तम रहने वाला है और हर स्थान पर आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर विरोधियों द्वारा आपके लिए बनाई गई योजनाएं असफल रहेंगी। वहीं, सांसारिक सुख के साधनों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या राशि :** दिन थोड़ा चुनौतियों से भरा हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में एक साथ कई जिम्मेदारियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते आपका मन परेशान रहेगा और मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है।

**तुला राशिः** नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर ज्यादा मेहनत और प्रयास करने होंगे। लेकिन अधिक श्रम करने के भा आय कम रहने पर मन उदास रहेगा। वहीं, आर्थिक मामलों में भी आपको ज्यादा खर्चे करने पड़ सकते हैं। ऐसे में बजट बनाना बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आपका दिन चुनौतियों से भरा हो सकता है। लेकिन व्यवसाय के मामले में कोई प्रोजेक्ट या सौदा आपके पक्ष में आ सकता है, जिससे थोड़ा सुकून महसूस होगा। कार्यक्षेत्र में आपको आपको अपनी योजना और बातें दूसरों को अच्छी तरह समझाने होंगे।

**धनु राशि :** सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहने वाला है और आप सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। समाज में मान-सम्मान में बढ़ेगा और सेहत भी दुरुस्त रहेगी। आर्थिक मामलों में धन-धान्य में वृद्धि होने के शुभ संयोग बने हुए हैं।

**मकर राशि :** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति भी अच्छी बनी रहेगी। आपकी मुलाकात किसी भले व्यक्ति से हो सकती है, जिसके चलते मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ राशि :** आपको कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों से अच्छा लाभ प्राप्त होगा और सभी जरूरी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल रहेगा और आपको कहीं से धन लाभ हो सकता है। व्यापार के मामले में किसी मां समान महिला के सहयोग से आपको उन्नति पाने के विशेष अवसर मिलेंगे। लेकिन परिवार में भाइयों से किसी भी बात को लेकर बहस करने से बचना होगा।

**मीन राशि :** नौकरी करने वालों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके सभी जरूरी काम समय पर पूरे होंगे और विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। वहीं, आपके लिए आय के नए स्रोत सामने आते जाएंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। हर क्षेत्र में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यवसाय के मामले में निवेश करने से आपको अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकता है।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# समय के अनुरूप जीएसटी में सुधार, विकास को मिलेगी नई गति

> जीएसटी प्रणाली की लंबे समय तक इसलिए आलोचना की गई कि उसमें राष्ट्रीय स्तर के उचित अपीलीय तंत्र का अभाव है। उद्यमों को अक्सर राज्यों के बीच असंगत निर्णयों का सामना करना पड़ा, जिसने अनिश्चितता को बढ़ाया। इस कड़ी में 2025 के अंत तक जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण यानी जीएसटैट को अमल में लाने का निर्णय महत्वपूर्ण है।

पा सुधारों को अक्सर इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो इनसे हर किसी को लाभ पहुंचता है। वास्तविकता में सुधारों के भी दो पहलू होते हैं। इसमें भी किसी को लाभ होता और किसी को नहीं। सुधार इतना जरूर करते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों और लोगों पर बोझ की दिशा बदल देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या सुधारों के नाम पर की जाने वाली पहल अर्थव्यवस्था को एक मजबूत, अधिक टिकाऊ विकास पथ पर ले जाती है। हाल में 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के मोर्चे पर किए गए सुधार इसी गतिशीलता को दशार्ते हैं। इसके जरिये कर संरचना को सरल बनाकर, लोगों पर बोझ घटाकर, उत्पादकों के लिए विसंगतियों को दुरुस्त कर और विवाद समाधान प्रणाली को मजबूत कर परिषद ने जीएसटी को भ्रम और अनुपालन की जटिलता के जाले से बाहर निकालकर विकासोन्मुख ढांचे की ओर नए सिरे से उन्मुख किया है। इन सुधारों का सशक्त पहलू यह है कि इसमें मध्यमवर्गीय उपभोक्ता विजेता के रूप में उभरता दिखता है। सबसे स्पष्ट परिवर्तन चार स्तरों वाले जीएसटी ढांचे से एक सरल और नागरिक हितैषी प्रणाली की ओर बढ़ना है, जिसमें केवल दो मुख्य स्लैब हैं। मेरिट वस्तुओं के लिए पांच प्रतिशत और मानक स्लैब के रूप में 18 प्रतिशत। जबकि 40 प्रतिशत की विशेष स्लैब केवल विलासिता और हानिकारक वस्तुओं जैसे कि सट्टेबाजी और कैसिनो, बड़े वाहनों और कुछ गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों के लिए नियत की गई है।



पुराने सिस्टम के तहत शब्दों में छोटा सा अंतर बड़ी विसंगति की वजह बनता रहा है। जैसे क्या पराठा रोटी के समान था? पनीर को छूट और चीज पर टैक्स? ये अस्पष्टताएं वर्गीकरण विवाद, मुकदमेबाजी और प्रशासनिक बैकलाग की स्थिति को निर्मित करती रहीं। इसके चलते तमाम छोटे उद्यमों के लिए अनुपालन के मोर्चे पर अधिक समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च करने पड़ते। स्वाभाविक रूप से इसका उत्पादन पर असर पड़ता। अब चार स्लैब वाली व्यवस्था को दो श्रेणियों में सिमेटकर परिषद ने विवादों की गुंजाइश को घटाते हुए कर प्रणाली में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए उसे अधिक पूवार्नुमानित बना दिया है। इस सुधार से लोगों को सीधी राहत भी मिलने वाली है। दूध, पनीर और ब्रेड अब जीएसटी से मुक्त हो गए हैं। जबकि साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, साइकिल और रोजमर्रा उपभोग में आने वाली कई वस्तुएं जो पहले 12 या 18 प्रतिशत की श्रेणी में आती थीं, उन पर दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे घरेलू बजट का संतुलन और बेहतर होगा। एसी, टीवी, बाइक से लेकर छोटी कारों समेत कई वस्तुओं पर दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना भी लाभ पहुंचाने वाला सिद्ध होगा। जीएसटी सुधार के पीछे मंशा एकदम स्पष्ट है कि लोगों के पास अधिक से अधिक पैसा रहे, जो खर्च होकर आर्थिकी को गति प्रदान करे। जहां निजी उपभोग की जीडीपी में करीब 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, वहां यह पहल मांग को तात्कालिक रूप से बढ़ाने का काम करेगी। स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी इस सुधार से घटेगा। पहली बार जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को कर मुक्त कर दिया गया है। कई जीवनरक्षक दवाएं भी कर मुक्त हो गई हैं, जबकि स्वास्थ्य परीक्षण से जुड़े उपकरणों पर भी टैक्स घटा दिया गया है। यहां मुद्दा केवल कल्याण का नहीं, बल्कि विकास का भी है। किफायती स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक बीमा कवरेज लोगों को चिकित्सा खर्च के झटकों से बचाने का काम करते हैं। इससे अन्य खर्चों के लिए संसाधन बचेंगे। साथ ही, स्वस्थ और अधिक सुरक्षित कार्यबल बनाकर उत्पादकता में सुधार की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के जरिये भी उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। यह स्थिति तब बनती है जब इनपुट पर तैयार उत्पादों की तुलना में अधिक कर लगता है। यह उद्यमों के लिए अनुपयोगी क्रेडिट जमा करने, तरलता पर दबाव डालने और प्रतिस्पर्धा गंवाने का कारण बनता है। कपड़ा क्षेत्र इस समस्या से बहुत प्रभावित था, जहां मानव निर्मित फाइबर पर 18 प्रतिशत, यार्न पर 12 प्रतिशत और तैयार कपड़े पर पांच प्रतिशत कर था। उर्वरकों को भी ऐसी विसंगतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें कच्चे माल पर 18 प्रतिशत, लेकिन अंतिम उत्पादों पर पांच प्रतिशत कर लागू था। अब इन विसंगतियों को सुधारा गया है। ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी पर कर की दर को 12 से पांच प्रतिशत तक कम किया गया है, जिससे किसानों के लिए लागत घटेगी। नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पांच प्रतिशत कर लगने से स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में कदमों को और मजबूती मिलेगी। एक महत्वपूर्ण सुधार संस्थागत स्तर पर भी है। जीएसटी प्रणाली की लंबे समय तक इसलिए आलोचना की गई कि उसमें राष्ट्रीय स्तर के उचित अपीलीय तंत्र का अभाव है। उद्यमों को अक्सर राज्यों के बीच असंगत निर्णयों का सामना करना पड़ा, जिसने अनिश्चितता को बढ़ाया। इस कड़ी में 2025 के अंत तक जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण यानी जीएसटैट को अमल में लाने का निर्णय महत्वपूर्ण है। न्यायाधिकरण सितंबर से अपीलें स्वीकार करेगा और दिसंबर तक सुनवाई शुरू करेगा। जबकि बैकलाग यानी लंबित अपीलों के लिए जून 2026 की समयसीमा होगी। प्रिंसिपल बेंच भी अग्रिम निर्णयों के लिए राष्ट्रीय अपीलीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगी, जिससे न्यायालयों के बीच स्थिरता बनेगी। यह संस्थागत सुधार विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूवार्नुमानित विवाद समाधान निवेश जोखिम घटाता है। कंपनियां अधिक निवेश और विस्तार करने के लिए तभी तैयार होती हैं, जब उन्हें पता होता है कि असहमतियों एवं विसंगतियों का तत्परता के साथ निरंतर समाधान संभव होगा। जीएसटी को तार्किक बनाना समय की आवश्यकता थी, क्योंकि इसकी जटिलताएं विवादों को बढ़ाकर विकृतियों को जन्म दे रही थीं, जिससे प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो रही थी। इसके समग्र परिणाम उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं की मुसीबतें बढ़ा रहे थे। वास्तव में 2017 में अपनी शुरूआत के साथ जीएसटी ने जहां पूरे देश के बाजार को एकीकृत करने का काम किया तो 2025 का सुधार इसे विकास की गति बढ़ाने वाली परिपक्व प्रणाली के रूप में स्थापित करता है।

# मोदी की रेंगती विदेश नीति



प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह विदेश दौरे पर हैं। पहले वे जापान गए और फिर चीन। बताया जा रहा है कि जापान और चीन में प्रवासी भारतीयों ने उल्हास के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने जिंदाबाद आदि के नारे लगाए। मौजूदा हालात में मोदी का भारत में रहना मुश्किल हो गया है। पिछले कुछ दिनों में उनकी प्रतिष्ठा और बची-खुची विश्वसनीयता पर ग्रहण लग गया है। लोकतंत्र को रौंदकर मोदी को भारत की सत्ता मिली है। उन्होंने चुनाव आयोग के साथ सांठ-गांठ करके चुनाव जीता। उन्होंने वोट चुराए। राहुल गांधी ने बवंडर मचाया कि मोदी लोगों को धोखा देकर प्रधानमंत्री बने हैं। जाहिर है, यह बात विदेशों तक भी पहुंची होगी इसलिए विदेशों में मोदी के डंके बज रहे हैं, यह तस्वीर भ्रामक है। जो प्रवासी भारतीय विदेशों में मोदी की जय-जयकार कर रहे हैं, उन्हें भारत के हालात और जनभावना का जरा भी अंदाजा नहीं है। ये वे लोग हैं, जिन्हें भाजपा की विदेशी शाखा ने सिर्फ मोदी के आने की वजह से जमा करती है। अब मोदी ने जापान और चीन जाकर क्या किया? जापान से ही मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को फोन किया और रशिया-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। मोदी ने खुद घोषणा की कि उन्होंने जेलेंस्की के साथ शांति, मानवता आदि पर चर्चा की तो मोदी ने आखिर क्या किया? रशिया और यूक्रेन के बीच युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। जब मोदी जेलेंस्की से बात कर रहे थे, उसी दौरान रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े युद्धपोत पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया। उसी वक्त, मोदी ने जेलेंस्की को धैर्य रखने की सलाह दी। शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष समाधान के लिए भारत का रुख दोहराया। मोदी को पहले यह समझ लेना चाहिए कि जेलेंस्की पुतिन के आगे झुकने को तैयार नहीं हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में रूस के आगे घुटने टेकने को तैयार नहीं हैं। यह हास्यास्पद है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में व्यापारिक कारणों से पाकिस्तान के साथ युद्ध रोकनेवाले प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति को शांति पर प्रवचन दे रहे हैं। कई देश और उनके राष्ट्राध्यक्ष, जिन्हें लगता है कि पुतिन को हराना चाहिए, लेकिन ऐसा करने की हिम्मत नहीं रखते, समय-समय पर जेलेंस्की को फोन करते हैं। क्योंकि इनमें से किसी भी देश में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को फोन करके शांति और संयम पर भाषण देने की ताकत नहीं है इसलिए मोदी का जापान में बैठकर यूक्रेन को फोन करना कोई विशेष बात नहीं है। अगर भाजपा के अंधभक्त जेलेंस्की-मोदी वार्ता की सराहना करते हैं तो यह उनकी समस्या है। भारत को इससे लेशमात्र भी फायदा नहीं है। इसे खाली दिमाग की उपज माना जा सकता है। मोदी जापान से चीन की धरती पर उतरे। मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए चीनी शहर तियानजिन में उतरे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी वहां आए हैं। मोदी-पुतिन मुलाकात की तस्वीरें भी जारी की गईं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और रूस के बीच तेल व्यापार बंद करने की धमकी दी है, यानी भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन के बीच किस मुद्दे पर बातचीत होगी? मोदी अब चीन का गुणगान करने लगे हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का साथ मिलकर काम करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के स्थिर और मैत्रीपूर्णद्विपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए सकारात्मक हो सकते हैं। मोदी और जिनपिंग ने रविवार को बातचीत की। अगर कोई सोचता है कि चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण संबंध सुधरेंगे और एक नई अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सूत्रपात होगा, तो यह सच नहीं है। मोदी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने की बात की। आज डॉलर के मुकाबले रुपया इतना गिर गया है कि ९० रुपए पर आ गया है। यही भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति है। जापान में भारत की बुलेट ट्रेन बन रही है और मोदी ट्रंप के आयात शुल्क से लड़ने के लिए भारतीयों को स्वदेशी का मंत्र दे रहे हैं। अगर स्वदेशी से इतना मोह है, तो प्रधानमंत्री मोदी को अपने विदेशी दौरों पर करोड़ों रुपये बर्बाद करना बंद कर देना चाहिए और कुछ समय के लिए स्वदेश में ही रहना चाहिए। मोदी को लगातार विदेशी पर्यटन की लत लग गई है। इसके लिए भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रसातल में चला गया है। इतना कुछ करने के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक भी देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ। अब चीन क्या करेगा? चीन पहले ही लद्दाख और लेह की जमीन पर अवैध कब्जा कर चुका है। अरुणाचल प्रदेश में उसकी घुसपैठ जारी है और भारत के खिलाफ पाकिस्तान को मजबूत करने की उसकी खुराफातें थमी नहीं हैं। मोदी में इतनी हिम्मत नहीं कि वे चीन से कहें कि वह इसे रोके और भारत के साथ दोस्ती का नया दौर शुरू करे, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप के साये में मोदी की विदेश नीति अभी भी रेंग रही है।

# बादल फटने की आफत

प्रकृति को इन दिनों क्या हुआ है, ये पता ही नहीं चल रहा है। बादल फटने की घटनाएं, जो पहले हिमालयी राज्यों तक ही सीमित थीं, अब देश के हर कोने में हो रही हैं। मराठवाड़ा और विदर्भ वैसे तो शुष्क मौसम और कम वर्षा वाले क्षेत्र हैं। हालांकि, हाल के दिनों में इन दोनों क्षेत्रों में बादल फटने से भारी नुकसान होने की घटनाएं बारंबार हो रही हैं। बादल फटने से एक-दो घंटे में या कभी-कभी आधे घंटे में ही भारी बारिश हो जाती है और कुछ ही मिनटों में सब कुछ नष्ट कर देती है। यह बारिश इतनी तेज होती है कि जिन गांवों में बादल फटते हैं, उनके आस-पास की नदियां और नाले अचानक उफान पर आ जाते हैं और आस-पास के सभी खेत-खलिहान पानी में डूब जाते हैं। नांदेड़ और लातूर जिलों ने पिछले दो दिनों से ऐसी ही भीषण बारिश का अनुभव किया है। अकेले नांदेड़ जिले में पिछले दो दिनों में ८६ मंडलों में बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। शुक्रवार सुबह ८ बजे नांदेड़ जिले के कई तालुकाओं में काले बादल छा गए। नांदेड़ के करीब मालाकोली में कुछ ही मिनटों में २८४ मि.मी. बारिश दर्ज की गई। नांदेड़ तालुका के तुप्पा, वसरणी, ??विष्णुपुरी, तरोड़ा और वाझेगांव मंडलों में भी लगभग २७० मि.मी. बारिश हुई। पिछले ही हफ्ते मुखेड़ तालुका में बादल फटने से लेंडी बांध का पानी कई गांवों में घुस गया। यही स्थिति नांदेड़ जिले परपुनः आ गई है। नांदेड़ शहर और उसके आस-पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण विष्णुपुरी बांध लबालब भर गया है। इसके अलावा जायकवाड़ी बांध से छोड़ा गया पानी तेजी से परियोजना स्थल तक पहुंचने के कारण विष्णुपुरी बांध के ११ दरवाजे खोल दिए गए हैं। इससे गोदावरी में आई बाढ़ से किनारे की बस्तियों और नांदेड़ के आगे गोदावरी किनारे बसे गांवों पर बड़ा खतरा निर्माण हो गया है। नांदेड़ से लेकर बाभली बांध और तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इसके अलावा लेंडी और मानार परियोजना से फिर से पानी छोड़े जाने के कारण कंधार, लोहा और मुखेड़ तालुकाओं में भी हाहाकार मच गया है। पिछले दस दिनों में हुई बारिश के कारण नांदेड़ जिले में लाखों एकड़ खेती जलमग्न हो गई है। लातूर जिले में भी बादल फटने जैसी बारिश होने के कारण ६५ राजस्व मंडलों में अतिवृष्टि हुई है। मांजरा, तेरणा, तावरजा समेत सभी छोटी-बड़ी नदियां और नाले उफान पर आ गए और यह पानी आस-पास के खेतों में घुस गया। केवल नदी किनारे ही नहीं, बल्कि अन्य इलाकों में भी खेतों में पानी भर जाने से सोयाबीन, तुअर, मूंग, उड़द और कपास की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। बादल फटने का यह संकट मराठवाड़ा में बार-बार हो रहा है। २०२१ में भी मराठवाड़ा में लगभग ४२ जगह बादल फटने की घटनाएं हुई थीं। तब भी लाखों हेक्टेयर खेतों मेंखड़ी फसलें बहअथवा सड़ गई थीं। पर्यावरण में हुए बदलाव के कारण बादलों की जल संग्रहण क्षमता बढ़ गई है और वातावरण में बढ़ती आर्द्रता के कारण किसी विशेष क्षेत्र में एक ही समय में बादल फटकर भारी वर्षा होने की घटनाएं महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में लगातार हो रही हैं। मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि २०३० तक बादल फटने और भारी वर्षा का खतरा बना रहेगा। अगले पांच वर्षों में इन घटनाओं की तीव्रता और बढ़ने की संभावना है इसलिए प्रशासन के साथ-साथ जनता को भी सतर्क रहना होगा। सिर्फ अगस्त महीने की बात करें तो जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से ४८ लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले का धराली गांव बादल फटने से बह गया। कई घर और बहुमंजिला होटल पत्तों की तरह ढह गए। पचास से ज्यादा लोग लापता हो गए। बादल फटने की घटनाएं, जो पहले जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड जैसे हिमालय के पर्वतीय राज्यों में होती थीं, अब पूरे देश को अपनी चपेट में ले चुकी हैं।

# गणपति विसर्जन से पहले 34 वाहनों में आरडीएक्स

## मुंबई पुलिस को व्हाट्सएप पर मिली धमकी, आतंकियों की संख्या भी बताई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः गणपति बप्पा विदाई से पहले मुंबई पुलिस को व्हाट्सएप पर धमकी मिली है। इसमें कहा गया है कि आंतकी शहर में घुस चुके हैं। उन्होंने 34 वाहनों में आरडीएक्स रख दिया है। कंट्रोल रूम में यह मैसेज आने के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस के अनुसार यह धमकी भरा मैसेज गुरुवार को मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को मिला था। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई पुलिस एक धमकी भरा संदेश मिलने के बाद हाई अलर्ट पर है, क्योंकि मैसेज में दावा किया गया है कि 14 आतंकवादी 400 किलोग्राम आरडीएक्स लेकर शहर में घुस आए हैं। उसे वाहनों में रख दिया है। अधिकारी ने बताया कि गणेश उत्सव के 10वें दिन यानी अनंत चतुर्थी के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कर रही है। मुंबई पुलिस ने व्हाट्सएप पर आई इस धमकी के बाद ऑनग्राउंड पुलिस फोर्स को जहां अलर्ट कर दिया है तो वहीं क्राइम ब्रांच ने धमकी की जांच शुरू कर दी है। इसके आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) तथा अन्य एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि धमकी भरे संदेश में 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक संगठन का नाम भी था। मुंबई पुलिस अधिकारी के अनुसार संदेश भेजने वाले ने दावा किया है कि 14 आतंकवादी शहर में घुस आए हैं। उन्होंने 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स रखा है ताकि विस्फोट किए जा सकें। इससे देश हिल जाएगा। महाराष्ट्र में गणेशोत्सव सबसे बड़ा पर्व है। इस मौके पर शैक्षणिक संस्थानों में लंबा अवकाश रहता है। 10वें दिन जब विघ्नहर्ता की विदाई होती है तो मुंबई की सड़कों पर हजारों से लेकर लाखों लोगों की भीड़ अलग-अलग क्षेत्रों में उमड़ती है। शनिवार को अंतिम दिन शांतिपूर्वक विसर्जन सुनिश्चित करने के ड्यूटी पर तैनात पुलिस की चिंता इस मैसेज ने और बढ़ा दी है, हालांकि मुंबई पुलिस ने आग्रह किया है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत मुंबई पुलिस के साथ साझा करें। संदेश भेजने वाले का पता लगाने के लिए साइबर सेल को

**मुंबई में गणेशोत्सव के पर्व की समाप्ति से पहले पुलिस को धमकी भरा संदेश मिला है। इसमें कहा गया है कि 14 आतंकी शहर में घुस चुके हैं। मैसेज में दावा किया गया है कि उन्होंने वाहनों के आरडीएक्स रख दिया है। मुंबई पुलिस इस मैसेज के बाद हाई अलर्ट पर है।**

सक्रिय कर दिया गया है. मुंबई शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. सार्वजनिक स्थानों, विसर्जन मार्गों, रेलवे स्टेशनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. शहर में ड्रोन, सीसीटीवी और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की मदद से कड़ी निगरानी रखी जा रही है. मुंबई पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अगर उन्हें कोई संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई दे, तो तुरंत 100 नंबर पर या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें. मुंबई पुलिस को पहले भी इस तरह की हमले की धमकियां मिल चुकी हैं. इनमें वर्ली स्थित फोर सीजन्स होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकियाँ शामिल हैं. इन सभी मामलों में जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. 2008 में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद से पुलिस ऐसी धमकियों को गंभीरता से लेती है. इसी वजह से पुलिस ने जांच तेज कर दी है.

फास्ट ट्रैक

## अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन के लिए कल्याण पुलिस की चौकबंद सुरक्षा व्यवस्था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में गणेश मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने चौकबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस के अनुसार, इस वर्ष सार्वजनिक मंडलों की लगभग 173 गणपति मूर्तियां तथा निजी घरों की करीब 14,310 मूर्तियों का विसर्जन होने की संभावना है। भीड़भाड़ और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा प्रबंधन में डीसीपी 1, एसीपी 3, पीआई 24, पीएसआई व एपीआई 121, पुलिस हवलदार 705, महिला हवलदार 213, होमगार्ड 84, महिला होमगार्ड 26 सहित दो एसआरपी दस्ते शामिल रहेंगे। कल्याण जोन के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने बताया कि विसर्जन घाटों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता और कड़ी रखी गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## कई घंटे विद्युत कटौती के कारण नागरिक एवं व्यावसायिक परेशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण पश्चिम में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से पुष्पराज होटल मार्ग तक का व्यावसायिक इलाका गुरुवार शाम से 22 घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत लाइन में अचानक खराबी के कारण गुरुवार शाम को बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी और शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। त्योहारी सीजन में बिजली आपूर्ति बंद होने से व्यापारियों में रोष फैल गया और उन्होंने अचानक अपनी दुकानें बंद करके अपना गुस्सा जाहिर किया। हालांकि पूर्व विधायक नरेंद्र पवार तुरंत मौके पर पहुँचे और महावितरण, केडीएसएमआई और यातायात पुलिस अधिकारियों से बातचीत के बाद बिजली सुचार रूप से चालू हो सकी। गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान बिजली गुल होने से यहां के व्यापारी समुदाय ने एकजुट होकर अपनी दुकानें बंद कर महावितरण प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कुछ व्यापारियों की दुकानों में रखी मिठाई, डेयरी उत्पाद आदि की भी बिक्री प्रभावित हुई। कल्याण पूर्व में भी कई क्षेत्रों में बिजली नहीं थीं। समाज सेवक महेश गायकवाड ने बिजली विभाग से बात कर समस्या का समाधान कराया। व्यापारी वर्ग और नागरिकों ने सीधे तौर पर महावितरण पर लापरवाही का आरोप लगाया। व्यापारी समुदाय ने पवार की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और अपना बंद वापस ले लिया और अपनी दुकानें फिर से खोल दीं।

## श्री गणेश विसर्जन के लिए मनपा तैयार

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका ने अनंत चतुर्दशी पर होने वाले श्री गणेश विसर्जन के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। महानगरपालिका के बिजली विभाग ने कुल 76 विसर्जन स्थलों पर जनरेटर की व्यवस्था की है, 2475 हैलोजन, 558 एलईडी, 105 लाइटिंग टावर और 38 प्रमुख स्थानों पर 212 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कल्याण क्षेत्र के नागरिकों के लिए कुल 65 स्थानों पर श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है, तथा वार्ड ए, बी, सी, डी और जे और डोंबिवली क्षेत्र के नागरिकों के लिए कुल 62 स्थानों पर श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है, और एफ, सी, एच, आई और ई वार्डों में ₹आपके द्वार पर विसर्जन₹ की अवधारणा को लागू किया जा रहा है। नगर निगम ने सभी वार्डों में विसर्जन स्थलों पर कृत्रिम विसर्जन के लिए व्यापक व्यवस्था की है। इसी प्रकार, नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने सभी वार्डों में चिकित्सा दल (डॉक्टर, स्टाफ नर्स आदि) और प्रमुख विसर्जन स्थलों पर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है। अग्निशमन विभाग ने प्रमुख विसर्जन स्थलों पर नाव, राफ्ट, लाइफबॉय, लाइफ जैकेट और गोताखोर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं। सभी विसर्जन स्थलों पर विसर्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए, आयुक्त अभिनव गोयल के निदेर्शानुसार, दुगार्डी, मोठा गाँव, कुंभारखान पाड़ा आदि महत्वपूर्ण विसर्जन स्थलों पर सभी श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन होने तक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। विसर्जन स्थलों पर निर्माल्य

## पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से अगस्त, 2025 के दौरान गहन टिकट

- जांच अभियानों से प्राप्त किया 84.20 करोड़ रुपये का जुर्माना
- एसी उपनगरीय लोकल से प्राप्त किया गया 1.20 करोड़ रुपये का जुमार्ना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा सभी वैध यात्रियों को सुगम, आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों तथा हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की देखरेख में टिकट जांच दलों द्वारा अप्रैल से अगस्त, 2025 की अवधि में विविध टिकट जांच अभियानों के माध्यम से कुल 84.20 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गई, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 35% से अधिक है, साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से लगभग 13% अधिक है। इस राशि में मुंबई उपनगरीय खंड से लगभग 23 करोड़ रुपये की राशि भी शामिल है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अगस्त, 2025 के दौरान बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना बुक किए गए सामान से जुड़े 2.39 लाख मामलों का पता लगाकर 13.21 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो पिछले वर्ष के अगस्त के आंकड़ों की तुलना में 166% से अधिक है। साथ ही, मुंबई उपनगरीय खंड पर 88 हजार मामलों का पता लगाकर 3.44 करोड़ रुपये का जुमार्ना प्राप्त किया गया है। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए लगातार औचक टिकट जांच अभियान भी चलाए जा रहे हैं। एसी लोकल में केंद्रित अभियानों के परिणामस्वरूप, अप्रैल से अगस्त, 2025 के दौरान 36 हजार से अधिक अनधिकृत यात्रियों को दंडित किया गया और उनसे 1.20 करोड़ रुपये जुमार्ने के रूप में प्राप्त किए गए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 54% अधिक है। ऐसे उल्लेखनीय परिणाम अनधिकृत यात्रा पर अंकुश लगाने, यात्री अनुभव को बेहतर बनाने और सार्वजनिक राजस्व की सुरक्षा के लिए पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं।

## मध्य रेल ने उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) सम्मेलन का आयोजन किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने 29 और 30 अगस्त, 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने की। अपने संबोधन में, महाप्रबंधक ने पिछले तीन वर्षों में निर्माण संगठन के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की, जिसमें क्रमशः 248 किमी, 348 किमी और 315 किमी रेलमार्गों का निर्माण कार्य पूरा हुआ है, और टीमों को उनकी निरंतर प्रगति के लिए बधाई दी। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि मध्य रेल, निर्माण विभाग को 2023-24 में सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम स्थान और 2024-25 में द्वितीय स्थान मिला है, जो संगठन की प्रतिबद्धता और दक्षता को दशार्ता है। उन्होंने आगे निर्देश दिया कि 2025-26 तक 363 किमी का लक्ष्य प्राप्त किया जाए, जिसमें दोहरीकरण और मल्टी-ट्रैकिंग कार्यों को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया जाए। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री अवनीश कुमार पांडे ने किया और इसमें प्रमुख विभागाध्यक्षों, मुख्य इंजीनियर, उप मुख्य इंजीनियर, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, उप वित्तीय सलाहकारों के साथ-साथ मुख्यालय और क्षेत्रीय इकाइयों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं और चचाएँ हुईं, जिनमें शामिल हैं:

भूमि अधिग्रहण की चुनौतियाँ और प्रक्रिया में तेजी लाने के उपाय।



कार्यान्वयन के दौरान संरेखण सुधार।

इंजीनियरिंग खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) अनुबंध और क्षेत्रीय स्तर की चुनौतियाँ।

इंजीनियरिंग स्केल प्लान (ईएसपी) में सुधार और परिवर्तनों एवं देरी को कम करने के उपाय।

निरीक्षण के दौरान रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा उठाए गए मुद्दे।

अतिरिक्त उच्च वोल्टेज (ईएचवी) क्रॉसिंग संबंधी समस्याएँ और उनका समाधान।

इंजीनियरिंग कार्यों के साथ सिग्नल एवं दूरसंचार एकीकरण संबंधी समस्याएँ।

सम्मेलन का समापन 30 अगस्त को सभी अधिकारियों द्वारा बेहतर नियोजन, अंतर-विभागीय समन्वय और नवीन पद्धतियों को अपनाकर 2025-26 के लक्ष्यों को निर्धारित समय के भीतर प्राप्त करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि के साथ हुआ।

मध्य रेल निर्माण संगठन-प्रगति चार्ट

मध्य रेल निर्माण संगठन ने पिछले तीन वर्षों में 900 किलोमीटर से अधिक नए रेल खंडों को सफलतापूर्वक चालू किया है, जिससे यात्री और माल ढुलाई दोनों कोरिडोर को मजबूती मिली है।

## 'लाडली बहनों' को बिना ब्याज के कर्ज

### बीजेपी नेता प्रवीण दरेकर ने बीएमसी चुनावों से पहले चला बड़ा दांव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी के अगुवाई वाली महायुति की प्रचंड जीत में लाडली बहनों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। मुंबई में बीएमसी चुनावों से पहले बीजेपी नेता प्रवीण दरेकर ने तगड़ दांव खेल दिया है। दरेकर ने ऐलान किया है कि मुंबई की लाडली बहनों को बिन ब्याज के कर्ज दिया जाएगा। दरेकर बीजेपी के विधायक होने के साथ मुंबई बैंक के सर्वेसर्वा हैं। उन्होंने कहा कि कहा है कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना की लाभार्थी महिलाओं को अब शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज दिया जाएगा। मुंबई बैंक के अनुसार फिलहाल मुंबई में लगभग 12 से 13 लाख महिलाएं 'लाडली बहन' योजना की लाभार्थी हैं। दरेकर मुंबई बीजेपी अध्यक्ष के बड़े दावेदारों में थे। बीजेपी ने अमित साटम को नया अध्यक्ष बनाया है। दरेकर ने बुधवार को मुंबई बैंक की इस विशेष योजना की शुरूआत की। इसी मौके पर क्यू आर कोड सुविधा का वितरण भी शुरू हुआ। यह कार्यक्रम मुंबई बैंक के फोर्ट स्थित मुख्य कार्यालय के सभागार में बैंक के अध्यक्ष और विधायक प्रवीण दरेकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस योजना के तहत लाडली बहनों को बिना ब्याज के 1 लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।

## पहले पत्नी का सिर काटा, फिर 17 टुकड़े किए, कसाई से भी ज्यादा घिनौना निकला मुस्कान का पति मोहम्मद ताहा

मुंबईः मुंबई से सटे ठाणे के भिवंडी में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक प्रेम कहानी का भयानक अंत हुआ है। एक 25 साल के युवक ने 22 वर्षीय पत्नी की धारदार हथियार से सिर काटकर उसकी हत्या कर दी। उसने उसके शरीर के 17 टुकड़े कर दिए


**पश्चिम रेलवे - राजकोट मंडल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या 32 वर्ष 2025-26 दिनांक 04-09-2025**

| सं | निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM-RJT-2025-26-E-72 | राजकोट मंडल - वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) मोरवी के अधिकार क्षेत्र में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवन का रंग-रोगन, डिस्टेम्परिंग पैंटिंग | 75,70,361.25 | 1,51,400.00 |
| 2 | DRM-RJT-2025-26-E-73 | राजकोट मंडल:-:(सम्मिलित कार्य) (i) राजकोट मंडल:-रेलवे अस्पताल राजकोट में विभिन्न सुविधाओं में सुधार और मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का विकास। (ii) राजकोट मंडल: एसएसई (सी एंड डब्ल्यू) आरजेटी में कंप्रेसर कक्ष (क्षेत्रफल 35 वर्ग मीटर) का निर्माण। (iii) राजकोट मंडल: पुरानी विद्युत परिसंपत्तियों को आयु-सह-स्थिति के आधार पर बदलने के संबंध में 5 मीटर x 4 मीटर आकार के 3 कमरों का निर्माण | 1,34,27,859.20 | 2,17,100.00 |
| 3 | DRM-RJT-2025-26-E-74 | राजकोट मंडल: - मौजूदा रनिंग रूम और लॉबी में सुविधाओं का उन्नयन। | 1,34,84,128.43 | 2,17,400.00 |
| 4 | DRM-RJT-2025-26-E-75 | राजकोट मंडल - सहायक मंडल अभियंता (पूर्व) जामनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सेस मरम्मत। | 2,43,07,928.96 | 2,71,500.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 29/09/2025 @ 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट, गुजरात - 360 001 **वेबसाइट: www.ireps.gov.in** RJT 113

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग। विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. ई-निविदा आमंत्रित करता है

| सीनियर खैर. | निविदा सूचना संख्या एवं कार्य तिथि | कार्य और स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/210 दिनांक 03/09/2025 | कोलाबा - बधवारपार्क में लगभग ४० रेलवे अधिकारियों के क्वार्टरों का संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और आंतरिक निर्माण | 4,07,38,708.25 | 3,35,700.00 |
| 2 | बीसीटी/25-26/211 दिनांक 03/09/2025 | मुंबई सेंट्रल (मुख्य) - एसएसई (डब्ल्यू-आई) मुंबई सेंट्रल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सीमा दीवार का सुधार और निर्माण। | 2,24,69,051.36 | 2,62,400.00 |
| 3 | बीसीटी/25-26/212 दिनांक 03/09/2025 | एसएसई/ब्रिज-लोअर परेल के अंतर्गत चर्चगेट-अंधेरी खंड में पुल निर्माण हेतु विविध गतिविधियों के लिए फुट ओवर ब्रिज/रोड ओवर ब्रिज/पाइपलाइन ब्रिज, एलिवेटेड डेक रोड, स्काईवॉक; एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय और ईओटी क्रेन तथा वेल्डिंग सेट के रखरखाव के लिए जनशक्ति उपलब्ध कराना। | 87,65,965.23 | 1,75,300.00 |
| 4 | बीसीटी/25-26/213 दिनांक 03/09/2025 | दादर में एलिवेटेड रोड का मेटलाइजिंग, पेंटिंग, स्टील संरचना और चर्चगेट - खार सेक्शन के बीच फुट ओवर ब्रिज। | 1,21,48,755.00 | 2,10,800.00 |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए, जमा करने की तिथि एवं समय: 30-09-2025, 15:00 बजे तक। खोलने की तिथि एवं समय: 30-09-2025 को 15:30 बजे।
नोट:- अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट ू.पतमचे.हवअ.पद देखें। 0571

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एलएचबी**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, ई-निविदा आमंत्रित करता है। सूचना क्रमांकः ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2025/26/05 दिनांकः 30-08-2025 कार्य का नामः कार्य के दायरे और दरों की अनुसूची के अनुसार गैर-एसी एलएचबी कोचों के ईडीटीएस-328 के अनुसार अंडरफ्रेम में एलएचबी कोचों के 750 वोल्ट फीडर जंक्शन बॉक्स की स्ट्रिपिंग/री-फिटिंग, मरम्मत, परीक्षण और कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागतः 50,02,963.53A ईएमडीः 1,00,100/- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 25-09-2025, 12:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथिः 25-09-2025 को 12:30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें www.ireps.gov.in 0569

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिये सिनियर मंडल बिजली इंजीनियर (गतिशक्ती युनिट), 3 रा तल, ओल्ड एरिया मैनेजर की इमारत, पी.डी'मेलो रोड, वाड़ीबंदर, मुंबई - 400010 द्वारा प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम मे) **www.ireps.gov.in** वैबसाइट के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **26.09.2025** और समय 15.00 बजे तक है। निविदा उसी दिन 15.15 बजे के बाद खोली जाएगी। **ई-निविदा सं: बीबी.ईल. जीएसयू. एटी.2025/01, दिनांक: 02.09.2025. कार्य विवरण**: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में मज़गांव यार्ड आरआरआई केबिन के इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सहायक ट्रांसफार्मर, ऑटो चेंजओवर पैनल, एलटी केबल्स का कार्य। **लगभग मूल्य**: रु.42.96 लाख। **बोली प्रतिभूति (Bid Security)**: रु.85,900/-. **ऑफर की वैधता**: 60 दिन। **समापन की अवधि**: 06 महिने (मॉन्सून सहित)। निविदा का पूरा विवरण भारतीय रेल के कार्यालय के वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा दस्तावेज उपरोक्त वैबसाइट से डाउन लोड किया जा सकता है। DE-424

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**निविदा संख्या: EL-TRD-Tender-25-26-17**

**सुरक्षा संबंधी ओएचई वस्तुओं का प्रावधान**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) पश्चिम रेलवे, प्रताप नगर, वडोदरा 390004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम: वडोदरा मंडल:** आणंद - गोधरा खंड के दोहरीकरण खंड में सुरक्षा संबंधी ओएचई वस्तुओं का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** ₹ 4,39,45,584/-

**बोली सुरक्षा राशि (रुपये में):** ₹ 3,69,700/-

**निविदा दस्तावेजों की लागत और समापन अवधि:** समापन अवधि 18 महीने

**निविदा की समय सारणी:** निविदा समापन तिथि 06/10/2025 और समापन समय उसी तिथि को 15:00 बजे

**वेब पेज विवरण और सूचना का स्थान जहाँ पूरा विवरण देखा जा सकता है, कार्यालय का पता और स्पष्टीकरण:** मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) पश्चिम रेलवे, प्रताप नगर, वडोदरा - 390004

**वेबसाइट @ www.ireps.gov.in** BRC170

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सोलापुर मंडल

**आपूर्ति और स्थापना कार्य**

मंडल भंडार कार्यालय मध्य रेल, सोलापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से रेलवे की ई-खरीद वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या: 96255568. क्र.सं.: 1. पी.एल. संख्या (आइटम कोड)**: 50902278001O. **आइटम विवरण / वारंटी / इंस्पेक्शन / टाइप**: आरडीएसओ / एसपीएन / टीसी / 38-2002 संस्करण 2 या नवीनतम के अनुसार 02 चैनल वॉयस डेटा रिकॉर्डिंग और प्रोसेसिंग यूनिट (वीडीआरपीयू) की आपूर्ति। [**वारंटी अवधि**: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक।] [**इंस्पेक्शन एजेंसी**: टीपीआई, स्टेज इंस्पवशन: नही, **स्टेजेज़**: 0] [**यूवीएएम लिंकिंग**: **आइटम प्रकार**: गुड्स (सप्लाई)। **मात्रा**: 12. **यूनिट**: नग। **प्रेषिती (कंसाइनी)**: सीनियर सेक्शन इंजीनियर टेली सीटीओ सोलापुर, मध्य रेल (महाराष्ट्र)। **क्र.सं.: 2. पी.एल. संख्या (आइटम कोड)**: 565172845786. **आइटम विवरण / वारंटी / इंस्पेक्शन / टाइप**: आरडीएसओ/एसपीएन/ टीसी/38- 2002 संस्करण 2 या नवीनतम के अनुसार 02 चैनल वॉयस डेटा रिकॉर्डिंग और प्रोसेसिंग यूनिट (वीडीआरपीयू) की आपूर्ति और इंस्टालेशन। [**वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक। [**इंस्पेक्शन एजेंसी**: टीपीआई, **स्टेज इंस्पक्शन**: नही। **स्टेजेज़**: 0] [**यूवीएएम लिंकिंग** :] **आइटम प्रकार**: गुड्स (सप्लाई)। **मात्रा**: 58. **यूनिट**: नग। **प्रेषिती (कंसाइनी)**: सीनियर सेक्शन इंजीनियर टेली सीटीओ सोलापुर, मध्य रेल (महाराष्ट्र)। **क्र.सं.: 3. पी.एल. संख्या (आइटम कोड): 609902300085. आइटम विवरण / वारंटी / इंस्पेक्शन / टाइप**: स्टेशन वीएचएफ उपकरण के रेडियो कवरेज क्षेत्र में संचार (कम्यूनिकेशन) रिकॉर्ड करने के लिए वीएचएफ रिसीवर की आपूर्ति और इंस्टालेशन । नोट - वीएचएफ आधारित सुरक्षित संचार (कम्यूनिकेशन) उपकरण में इन-बिल्ट वीएचएफ रेडियो होता है जो संचार (कम्यूनिकेशन) रिकॉर्ड करने के लिए डीजी (ड्राइवर गार्ड) आवृत्ति (फ्रिक्वेंसी) पर कॉन्फ़िगर किया जाता है। यदि रेलवे एक साथ एसएचवाई आवृत्ति (फ्रिक्वेंसी) पर भी संचार (कम्यूनिकेशन) रिकॉर्ड करना चाहता है, तो यह स्थान के अनुसार आवश्यक है। [**वारंटी अवधि**: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक। [ **इंस्पेक्शन एजेंसी**: टीपीआई, **स्टेज इंस्पक्शन**: नही, **स्टेजेज़**: 0] [**यूवीएएम लिंकिंग**:] **आइटम प्रकार**: गुड्स (सप्लाई)। **मात्रा**: 58. **यूनिट**: नग। **प्रेषिती (कंसाइनी)**: सीनियर सेक्शन इंजीनियर टेली सीटीओ सोलापुर, मध्य रेल (महाराष्ट्र)। **सभी निविदाओं के लिए समान: बयाना राशि: रु. 4,09,860/-. www.ireps.gov.in पर उपरोक्त सभी निविदा बंद होने की तिथि और समय: 11.09.2025 11:30 बजे के बाद।** संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा समाप्ति की तिथि से पहले वेबसाइट पर बार-बार देखे ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र को नोट किया जा सके। वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** DE/Sur-62

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-135-2025, दिनांक: 02/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सीनियर डिविजनल इंजीनियर (उत्तर), जबलपुर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत विविध दो कार्य (i) सेस को चौड़ा करना / सेस की मरम्मत (ii) विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में जल निकासी की व्यवस्था/जल निकासी में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹12,36,29,440/- **बयाना राशि:** ₹ 7,68,200/- **समापन अवधि:** 12 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-136-2025, दिनांक: 03/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/जबलपुर के अन्तर्गत तीन विविध कार्य: भाग-1: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अन्तर्गत जबलपुर में अपर लाइन पर विद्युत उपकेंद्र की व्यवस्था। (कार्य का हिस्सा:- जबलपुर में विद्यमान उपकेंद्रों का संशोधन एवं उन्नयन।) भाग-2: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अन्तर्गत बजरंग कॉलोनी में आर.बी.-II/397 के पास 11 के. वी./440 वोल्ट का उपकेंद्र का निर्माण। (कार्य का हिस्सा:- जबलपुर में विद्यमान उपकेंद्रों का संशोधन एवं उन्नयन।) भाग-3: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में परिचालन हाल (Operating Hall) की मरम्मत एवं सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹89,85,182/- **बयाना राशि:** ₹ 1,79,700/- **समापन अवधि:** 11 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-137-2025, दिनांक: 03/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ पश्चिम/ जबलपुर के अधीन दो विविध कार्य। **1.** बीना-कटनी:- एल.सी. क्रमांक 52 और 62 के बदले मे रोड कवर शेड एवं सम्प और पंप के साथ एल.एच.एस. का निर्माण। **2.** बीना-कटनी:- एल.एच.एस. क्रमांक 52 और 62 पर जल निकासी व्यवस्था आदि में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹9,17,60,846/- **बयाना राशि:** ₹ 6,08,800/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2 व 3 के लिए तिथि- 26.09.2025 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2 व 3 के लिए तिथि- 26.09.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खरीदी देश की पहली टेस्ला कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , भारत में 15 जुलाई को मुंबई के बीकेसी में टेस्ला कार के शोरूम का शुभारंभ हुआ।इसके बाद, कंपनी ने आज (5 सितंबर) से टेस्ला कारों के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।देश की पहली टेस्ला कार महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खरीदी है।प्रताप सरनाईक ने देश की पहली टेस्ला कार खरीदने का संकल्प व्यक्त किया था उन्होंने आज एक टेस्ला कार खरीद लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भारत में पहली टेस्ला कार खरीद पाया। खास बात यह है कि मैंने यह टेस्ला कार बिना किसी छूट के खरीदी है।प्रताप सरनाईक ने कहा, ₹मैं यह टेस्ला कार अपने बेटे को नहीं, बल्कि अपने पोते को दे रहा हूँ, क्योंकि वह इस कार को स्कूल ले जाएगा और सभी को पर्यावरण-अनुकूल कार का संदेश देगा। टेस्ला को दुनिया की सबसे उन्नत और सुरक्षित कार के रूप में जाना जाता है। टेस्ला वाई मॉडल इलेक्ट्रिक कार की विशेषताएँ ,टेस्ला की 3 रियर-व्हील ड्राइव मॉडल कार केवल 5.6 सेकंड में शून्य से 100 किमी/घंटा की गति प्राप्त कर सकती है। टेस्ला 3 एलआर रियर-व्हील ड्राइव एक बार चार्ज करने पर 622 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है।टेस्ला का मानक रियर-व्हील ड्राइव संस्करण एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है। नए मॉडल वाई के बाहरी और आंतरिक डिजाइन में बदलाव किए गए हैं, और अब इसमें पीछे की सीटों के लिए एक अलग टचस्क्रीन और इलेक्ट्रिक एडजस्टेबल फंक्शन है। मॉडल वाय टेस्ला की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है और दुनिया भर में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक है। भारत में इस कार के पूरी तरह से आयात (उइव) होने के कारण इसकी कीमत बढ़ गई है।

## उल्हासनगर मनपा के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के गणवेश के लिए सीधे खातों में जमा हुई धनराशि।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेते हुए उल्हासनगर मनपा के लगभग1463 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के खातों में उनकी वर्दी और सहायक सामग्री खरीदने के लिए उनके खाते में सीधे चेक जमा करने का उल्लेखनीय कार्य किया है। इन कर्मचारियों में कुल 1016 पुरुष कर्मचारी और 363 महिला कर्मचारी है। इसके साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के 49, सुरक्षा गार्ड के 49 और अग्निशमन विभाग के 9 कर्मचारी शामिल भी शामिल हैं।

इससे पहले मनपा स्वयं यूनिफॉर्म खरीदती थी लेकिन गुणवत्ता को लेकर निरंतर शिकायतें मिलती रहती थी। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अब सीधे कर्मचारियों के खाते में एक निश्चित धनराशि चेक के माध्यम से सीधे जमा करने का निर्णय लिया जिससे कर्मचारियों की वर्दी की गुणवत्ता का मसला होने की संभावना है। इस निर्णय को क्रियान्वित करते समय मनपा के अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त डॉ.दीपाली चौगले, मुख्य लेखा परीक्षक अभिजीत पिसल, सहायक आयुक्त डॉ. सुनील लोंढे और भंडार विभाग प्रमुख अंकुश कदम ने समन्वय किया। जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने इसकी जानकारी दी है। मनपा के लाभार्थी कर्मचारियों को प्राप्त धनराशि से वर्दी और आवश्यक सामग्री खरीदना और 30 दिनों के भीतर लेखा विभाग में इसका चालान जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद विभागाध्यक्ष संबंधित चालान की प्रतियां भंडार विभाग में जमा करने के लिए जिम्मेदार होंगे। उपायुक्त डॉ. साबले ने चौगले द्वारा जारी पत्र में कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर चालान जमा नहीं किए जाते हैं, तो कर्मचारियों के वेतन से राशि वसूल की जाएगी।

फास्ट ट्रैक

## वसई विरार शहर महानगर पालिका आम चुनाव - 2025: 2025 के आम चुनाव हेतु प्रकाशित प्रभाग संरचना के प्रारूप पर कुल 160 आपत्तियाँ एवं सुझाव प्राप्त हुए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए आदेशानुसार, वसई विरार शहर मनपा के 2025 के आम चुनाव हेतु प्रभाग स्तरीय प्रारूप प्रभाग संरचना 22 अगस्त, 2025 को नगर निगम मुख्यालय, नगर निगम के सभी वार्ड समिति कार्यालयों (वार्ड - A, B, C, D, E, H, G, H, I) के साथ-साथ नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट www.vvcmc.in पर प्रकाशित की गई।नागरिकों को उक्त प्रकाशित प्रारूप प्रभाग संरचना पर आपत्तियाँ एवं सुझाव प्रस्तुत करने के लिए 22 अगस्त, 2025 से 04 सितंबर, 2025 तक का समय दिया गया था। इस अवधि के दौरान, वसई विरार शहर नगर निगम मुख्यालय एवं नगर निगम के सभी प्रभाग समिति कार्यालयों में कुल 160 आपत्तियाँ एवं सुझाव प्राप्त हुए। प्राप्त आपत्तियों में 10 मूल आपत्तियों के साथ-साथ 2130 निवासियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत की गई एक आपत्ति भी शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार, इन आपत्तियों एवं सुझावों को प्रस्तुत करने वाले नागरिकों को मनपा द्वारा अलग से सूचित किया जाएगा कि वे उठाई गई आपत्तियों की सुनवाई हेतु उपस्थित रहें।

## श्रमिक सुरक्षा और आपातकालीन उपायों पर विशेष बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




5 सितम्बर को जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ की अध्यक्षता में पालघर जिले के खतरनाक रासायनिक कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण, श्रमिक सुरक्षा और आपातकालीन उपायों पर विशेष बैठक हुई। बैठक में विधायक राजेंद्र गावित, निवासी उपजिलाधिकारी सुभाष भागड़े, उद्योग प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिलाधिकारी ने सभी कारखानों में नियमित प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और मॉक ड्रिल (रंगीन तालिम) कराने के निर्देश दिए ताकि कामगार आपात स्थिति में सुरक्षित तरीके से कार्य कर सकें। औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों पर मार्गदर्शन दिया और नियमित सुरक्षा ऑडिट आवश्यक बताया।श्रम उपआयुक्त ने कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षित कामगार दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं। सभी कारखानों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने का आश्वासन दिया।

## 17 साल की लड़की लापता

### सब्जी खरीदने गई, तीन युवकों पर भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज


शाहजहांपुर, जिले के कलान थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी 17 वर्षीय बेटी 1 सितंबर को गांव के बाजार में सब्जी खरीदने गई थी। शिकायत के मुताबिक, मदनपुर गांव का वीरेश यादव उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। इस काम में उसके दो साथियों चरन सिंह और वेदराम कल्लू ने भी मदद की। तीनों आरोपी सरनाम यादव के बेटे हैं। परिवार ने लड़की की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने बताया कि पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस लड़की की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है।

## उल्हासनगर मनपा चुनाव हेतु वार्ड संरचना घोषित की गई

**उल्हासनगर मनपा में 20 वार्डों से चुने जाएंगे 78 नगरसेवक।**

**15 सितंबर तक आपत्तियां स्वीकार की जाएगी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. निकट भविष्य में होने जा रहे मनपा चुनावों की पृष्ठभूमि में मनपा प्रशासन ने बुधवार 3 सितंबर को एक अधिसूचना के माध्यम से मनपा प्रभाग संरचना का प्रारूप घोषित कर दिया। इसके अनुसार संपूर्ण क्षेत्र 20 वार्डों में विभाजित होगा और कुल 78 नगरसेवक चुने जाएंगे हालांकि चुनावों की तारीखे अभी तक घोषित नहीं की गई।

महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम 1949 की धारा 5(3) के तहत उल्हासनगर मनपा ने अपनी वार्ड संरचना की घोषणा की है और इस पर 15 सितंबर तक नागरिकों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं। इस प्रभाग रचना के आधार पर अगले मनपा चुनाव होंगे। इसके अनुसार उल्हासनगर मनपा क्षेत्र को 20 वार्डों में विभाजित किया जाएगा। इनमें से 18 वार्ड चार सदस्यीय और 2 वार्ड तीन सदस्यीय होंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार पांच सदस्यीय वार्ड शामिल नहीं किए गए है।

नागरिक घोषित वार्ड संरचना की आपत्तियां और सुझाव 15 सितंबर तक उल्हासनगर मनपा आयुक्त को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है और इसके बाद की गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। राजनीतिक जानकार बता रहे है कि यह प्रभाग रचना शहर के राजनीतिक समीकरणों, पार्टी रणनीतियों और स्थानीय नेतृत्व की गणना में बड़ा बदलाव लाएगी और प्रतिनिधियों को अपनी चुनावी रणनीति पर पुनर्विचार करके तैयारी करनी होगी।

## निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत

### 15 दिन में दूसरी मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन, यातायात बाधित

रायबरेली, बछरावां कस्बे स्थित आर के चौधरी अस्पताल में बीते एक दिन पहले 4 सितंबर को एक और प्रसूता की मौत हो गई। जीगों गांव की 25 वर्षीय निशा की प्रसव के बाद मौत से यह इस अस्पताल में पिछले 15 दिनों में दूसरी मौत है। निशा की 4 सितंबर को नॉर्मल डिलीवरी हुई थी। नवजात की स्थिति खराब होने पर उसे मोहनलालगंज के संजीवनी हॉस्पिटल भेजा गया। बाद में निशा की हालत भी बिगड़ने पर उसे वहीं रेफर किया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आक्रोशित परिजनों ने शव को अस्पताल के सामने हाईवे पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अस्पताल को बंद करने और डॉक्टरों व संचालक पर कार्रवाई की मांग की। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार और कोतवाल राजीव सिंह के समझाने पर यातायात बहाल हुआ। इससे पहले 15 अगस्त को शिवगढ़ के अलोलापुर तौली गांव की 23 वर्षीय ममता की भी मौत हुई थी।

## शिक्षक दिवस पर वरिष्ठ शिक्षकों को मुलुंड में किया गया सम्मानित



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , शिक्षक दिवस पर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम महानगरी को. ऑप. क्रेडिट सोसाइटी लि. एवं युवा ब्रिगेड असोसिएशन की ओर से केशवपाड़ा, मुलुंड में आयोजित किया गया जिसमें शिक्षकों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. शशिकला पटेल (प्राध्यापक आर. आर. बी. एड. कॉलेज, मुलुंड ), डॉ. आर. एम. पाल (से. नि. प्राध्यापक ),डॉ. उषा यादव (से. नि. प्राध्यापक), श्रीमती रेखा चौबे (राष्ट्रपति शिक्षक पदक से सम्मानित ),राजकुमार यादव (महापौर पुरस्कार से सम्मानित ), श्रीमती जयबाला सिंह, श्रीमती रीना मोजेस, अजय पटेल, हेरम्ब तिवारी, संतोष मिश्रा, रंजीत गुप्ता, राकेश मिश्रा, हेमलता सिंह, विभा पाठक, उषा सिंह का सम्मान शाल, पुष्प गुच्छ, भेंट वस्तु प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. बाबूलाल सिंह,के. एन. सिंह (अध्यक्ष उत्तर भारतीय मित्र मंडल), किलाचंद यादव (अध्यक्ष अ. भा. यादव महासभा, मुंबई), बीरेंद्र पाठक (अध्यक्ष महानगरी मित्र मंडल),डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष-युवा ब्रिगेड असोसिएशन),योगेंद्र श्रीवास्तव (फिल्म निमार्ता) द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया किलाचंद यादव, डॉ. बाबूलाल सिंह, बीरेंद्र पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के सभी प्रतिभाओं को गढ़ने का काम करते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में लगाते हैं सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर बधाई

## ईद मिलाद के अवसर पर मुंब्रा में मानवता की मानव श्रृंखला, मानवता और विश्व शांति के लिए प्रार्थना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , इस्लाम के संस्थापक पैगंबर मुहम्मद ने मानवता, भाईचारे और शांति का संदेश दिया। इन संदेशों को मानव जीवन में अपनाने के उद्देश्य से, राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मरजिया शानू पठान की पहल पर ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बीच सैकड़ों नागरिक इस मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिए सड़कों पर उतरे। इस दौरान मानवता एवं विश्वशांति के लिए प्रार्थना की। पैगंबर मुहम्मद ने मानवीय मूल्यों, शांति और मानवता का संदेश दिया था। हालाँकि, वर्तमान में दुनिया में अशांति है। दुनिया में जो कुछ हो रहा है; उसे रोका जाना चाहिए और छोटे बच्चों में मानवता की शिक्षा दी जानी चाहिए, इसी उद्देश्य से अशरफ शानू पठान और मरजिया शानू पठान ने इस मानव श्रृंखला का आयोजन किया। बुजुर्गों का सम्मान करना अल्लाह का सम्मान करने के समान है, तुममें सबसे ज्यादा उदार वह है जो अपनी सीख लोगों तक फैलाए, अल्लाह को औरतें मर्दों से ज्यादा प्यारी हैं, और जो मर्द अपनी महरम औरतों को खुश रखे, अल्लाह उसे सवाब देगा, झूठ बोलने से रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ेगा, वगैरह-वगैरह। दारुल फलाह मस्जिद के सामने सैकड़ों बुजुर्ग, महिलाएं और युवा इस तरह के संदेशों वाली तख्तियाँ लिए मानव श्रृंखला में शामिल हुए।इस अवसर पर मरज़िया पठान ने कहा कि पैगंबर साहब के बताए रास्ते पर चलना ही एकमात्र नेक काम है। मौजूदा अराजकता को कम करने के लिए हमें पैगंबर साहब की शिक्षाओं को आत्मसात करना होगा। इसीलिए यह मानव श्रृंखला बनाई गई।

## मेडिकल कॉलेज परिसर में आया बाढ़ का पानी

### 80 मरीजों को शिफ्ट किया, बेड पर उपकरण-गद्दे, पानी वाले रास्ते पर उठवाई बाऊंड्री

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी नाले से होकर पहुंच गया है। प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए लगभग 80 मरीजों को ऊपरी मंजिल पर स्थानांतरित कर दिया है।

गर्रा और खन्नौत नदियां खतरे के निशान से 15-20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही हैं। नाले का पानी मेडिकल कॉलेज परिसर के मुख्य द्वार तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए प्रशासन ने ग्राउंड फ्लोर के सभी वार्ड खाली करा लिए हैं। बेड पर लगे गद्दे और कीमती मेडिकल उपकरणों को भी सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। पिछली बार आई बाढ़ में वार्ड में करीब तीन फीट पानी भर गया था। तब मरीजों को बसों और स्ट्रेचर से निकालकर निजी अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा था। जमीन पर रखी कीमती मशीनें और मेडिकल उपकरण खराब हो गए थे।

इस अनुभव से सीख लेते हुए प्रशासन ने उन रास्तों की पहचान की है जहां से बाढ़ का पानी वार्ड में प्रवेश करता है। इन जगहों पर सीमेंट और ईंट की छोटी छोटी दीवारें बनाई जा रही हैं। जिससे पानी वार्ड के अंदर न जा सके। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि नाले के ओवरफ्लो होने से पानी परिसर में आया है। नगर निगम द्वारा की गई व्यवस्था के बावजूद यह स्थिति बनी। स्वस्थ मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। निचली मंजिल पर होने वाली जांचें अब ऊपरी मंजिल पर की जा रही हैं। इमर्जेंसी में सेवाएं चालू हैं।

बता दें कि पिछली बार आई बाढ़ का पानी मेडिकल कालेज के वार्ड में जाने के बाद मरीजों को शिफ्ट किया गया था।

उस वक्त प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने भी सहयोग करते हुए उन मरीजों का निशुल्क इलाज किया था और साथ ही उनके खाने-पीने तक की व्यवस्था कि थी।

## आधी रात के समय गाँवों के आसमान में ड्रोन उड़ने की घटाओं से ग्रामीणों में हडकंप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ,प्रतापगढ़ और अमेठी जिले के कई गाँवों में रात के समय ड्रोन उड़ने को लेकर ग्रामीणों में हडकंप मचा है .लोगों को आशंका है की ड्रोन के जरिये चोर रेकी कर रहे हैं जिसे लेकर रात जागकर पहरेदारी करना पड़ रहा है .पश्चिम उत्तर प्रदेश के बाद आब पूर्वी उत्तर प्रदेश में रात के समय ड्रोन उड़ने की घटना को लेकर अब पुलिस भी हरकत में आ गयी है . बीते दिनों प्रतापगढ़ जिले के लालगंज तहसील अंतर्गत देल्हूपुर में रात के समय चार ड्रोन उड़ते देखे गए .इसी तरह अमेठी शहर में भी ड्रोन उड़ने की घटनाएँ सामने आ रही हैं . इसके बाद से गाँव के लोग पहरेदारी करने लगे .लोगों का कहना है कि चोर ,लुटेरे ड्रोन से रेकी कर चोरी की वारदात की अंजाम दे रहे है .ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस ड्रोन उड़ाने की घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर शक्त कदम उठाए .यदि असामाजिक तत्व इस तरह ड्रोन के जरिये रेकी करते रहे तो अपराध बढ़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है . जिले के कोहडौर और अंतु कोतवाली के जलालपुर , मलाक ,कंधारपुर , मदाफरपुर सहित दर्जनों गाँवों में रात के समय ड्रोन उड़ने की जानकारी आ रही है .घटना की सूचना पर सीओ सिटी प्रशांत राज हुड्डा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ करीब चार किमी तक पीछा किया . अंतु कोतवाली के जलालपुर में नदी के किनारे एक ड्रोन गिर गया . पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है , जांच में पता चला है कि उसकी 100 फुट ऊपर तक उड़ने की क्षमता है . उसमें लाईट जल रही थी यकीन कोई कैमरा नहीं लगा था . ड्रोन के सुल्तानपुर की तरफ से प्रतापगढ़ में आने की आशंका व्यक्त की जा रही है .सिटी सीओ हुड्डा का कहा है कि पुलिस ड्रोन उड़ने वाले और उसके उद्देश्य का पता लगाने का प्रयास में जुटी है .

## ईद-ए-मिलाद पर जलालाबाद में उमड़ी भीड़

### नीलम टॉकीज से शुरू होकर बड़ी दरगाह तक निकला जुलूस, सैकड़ों लोग हुए शामिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद में ईद-ए-मिलाद उन नबी के मौके पर भव्य जुलूस निकाला गया। मोहम्मद साहब के 1500वें जन्म दिन पर नीलम टॉकीज के पास बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। जुलूस में जलालाबाद के साथ गुनारा, याकूबपुर, सिकंदरपुर, धीयर पूरा, दिबियापुर और सुल्तानापुर के लोगों ने हिस्सा लिया। जुलूस हाफिज नगर से होते हुए निकला। इसके बाद टीन वाली पुलिया, जामा मस्जिद आबिद कुरैशी और थाने वाली गली से होकर एसडीएम आवास तक पहुंचा।

जुलूस का समापन बड़ी दरगाह पर हजरत शाह दरी मियां की दरगाह पर हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन शकील अहमद खान मौजूद रहे। याकूबपुर के पूर्व प्रधान शकील अहमद, नन्हे अली, गुड्डे खान, जावेद खान, सारिक अली, मुन्ना अली सिद्दीकी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाल राजीव तोमर, क्राइम इंस्पेक्टर रवि कुमार और तहसीलदार अनुराग दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## विदेशी नौकरी और टूर पैकेज का भरोसेमंद साथी Worldwide Tour & Travel Agencie

### Worldwide Tour & Travel Agencies ने शुरू की विशेष सेवाएँ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

विदेश में नौकरी, हज-उमराह यात्रा, वीजा और टूर पैकेज जैसी जरूरतों का अब एक ही भरोसेमंद समाधान उपलब्ध है। Worldwide Tour & Travel Agencies ने यात्रियों और नौकरी चाहने वालों के लिए विशेष सेवाएँ शुरू की हैं।

एजेंसी द्वारा हज-उमराह की संपूर्ण व्यवस्था, खाड़ी देशों के लिए वर्क वीजा, पढ़ाई और यात्रा से जुड़ी वीजा-इमिग्रेशन सहायता, आधिकारिक वकालत सेवा, कंस्ट्रक्शन लेबर सप्लाई, सस्ती दरों पर एयर टिकट और आकर्षक टूर पैकेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।10 साल से अधिक अनुभव वाली यह एजेंसी अब तक 5000 से अधिक ग्राहकों का विश्वास जीत चुकी है। तेज और पारदर्शी प्रक्रिया, किफायती दरें और हर स्टेप पर व्यक्तिगत मार्गदर्शन इसकी सबसे बड़ी खासियत है।Worldwide Tour & Travel Agencies का कहना है कि दुबई और अन्य खाड़ी देशों में काम के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। निर्माण, होटल और सर्विस सेक्टर में हजारों नौकरियाँ निकल रही हैं और भारतीय युवाओं की इसमें सबसे ज्यादा रुचि देखी जा रही है।

एजेंसी ने नौकरी चाहने वालों को सलाह दी है कि वे केवल अधिकृत माध्यमों से ही आवेदन करें और फर्जी ऑफरों से सतर्क रहें।

कॉल/व्हाट्सऐप: +91-9005349992


**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ब्रिटेन की डिप्टी-पीएम का इस्तीफा

## घर खरीदने पर कम टैक्स दिया, गलती मान पद छोड़ा; एक साल में 8 मंत्रियों ने इस्तीफा दिया

एजेंसी

लंदन, ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लोकल मीडिया के मुताबिक, उन्होंने माना कि नए घर के लिए प्रॉपर्टी टैक्स चुकाते समय उनसे गलती हुई और उन्होंने तय टैक्स से कम भुगतान किया था। एंजेला रेनर समेत पिछले 1 साल में 8 मंत्री कीर स्टार्मर की सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। रेनर का इस्तीफा ब्रिटिश सरकार के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। पिछली बार जब रेनर पर जानबूझकर टैक्स गबन का आरोप लगा था, तब स्टार्मर ने उनका बचाव किया था। लेकिन अब उनके इस्तीफे से सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने लेबर पार्टी की डिप्टी-लीडर की जिम्मेदारी भी छोड़ दी। अब पार्टी में नया डिप्टी-लीडर चुनने के लिए चुनाव होगा। प्रधानमंत्री के सलाहकार लॉरी मैग्नस ने कहा कि रेनर ने ईमानदारी दिखाई, लेकिन उन्होंने नियम तोड़ा। रेनर ने फ्लैट खरीदते समय वकील की सलाह ली,




पर टैक्स एक्सपर्ट की सलाह नहीं ली, जो जरूरी थी।

रेनर ने बुधवार को खुद मान लिया था कि टैक्स भुगतान मामले में उनसे गलती हुई है और उन्हें मंत्री स्तर के मानकों पर जांच के लिए स्वतंत्र सलाहकार के पास जाना पड़ा। एक इंटरव्यू में रेनर ने बताया था कि उन्होंने अपने बेटे के लिए एक ट्रस्ट बनाया था, जो चोट की वजह से जीवनभर दिव्यांग रहेगा। इस ट्रस्ट के जरिए उन्होंने उत्तरी इंग्लैंड वाले अपने घर का हिस्सा बेचकर दक्षिण इंग्लैंड के होव में समुद्र किनारे एक अपार्टमेंट खरीदा। उन्हें लगा था कि इस खरीद पर उन्हें दूसरे घर का हाई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। लेकिन बाद में कानूनी सलाह लेने के बाद उन्हें पता चला कि यह गलती थी। अब उन्होंने कहा है कि वे एक्स्ट्रा टैक्स नहीं चुकाने की गलती सुधारने के लिए ये कदम उठा रही हैं। रेनर मिडिल वर्किंग क्लास से उठकर ब्रिटेन की राजनीति में टॉप पर तक पहुंचीं और लेबर पार्टी के अंदर वामपंथी और मध्यमार्गी गुटों को जोड़कर रखने में अहम भूमिका निभाती थीं। कई लोगों की नजर में उनकी अपील स्टार्मर से भी ज्यादा थी और उन्हें स्टार्मर की उत्तराधिकारी माना जा रहा था। इसे उनका इस्तीफा पार्टी को एकजुट रखने के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि रेनर का इस्तीफा दुखद है।

उन्होंने रेनर की तारीफ की और कहा कि वे अब भी पार्टी में अहम पोजिशन पर रहेंगी। वहीं, विपक्षी नेता केमी बडेनोच ने कहा कि रेनर को पहले ही हटा देना चाहिए था। हाल के वक्त में ढट स्टार्मर और लेबर पार्टी की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। लेबर पार्टी के कुछ नेताओं पर आरोप हैं कि उन्होंने दानदाताओं से महंगे कपड़े और कॉन्सर्ट टिकट जैसी चीजें ली हैं। रेनर का इस्तीफा सरकार के लिए बड़ा झटका है,

क्योंकि उन पर 15 लाख घर बनाने के लेबर पार्टी के अहम वादे को लागू करने की जिम्मेदार थी। वहीं, लोकलुभावन वादे करने वाली रिफॉर्म यूके पार्टी लोकप्रियता के मामले में उनसे आगे निकल रही है।

# वेनेजुएला ने अमेरिकी वॉरशिप के ऊपर उड़ाया एफ-16 फाइटर जेट

## अमेरिका बोला- ताकत दिखाने की कोशिश न करें, अंजाम बुरा होगा

एजेंसी



कराकस, अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को कैरेबियन सागर में अमेरिकी वॉरशिप यूएसए जेसन डनहम के ऊपर से उड़ान भरी। अमेरिका ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि वेनेजुएला ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने देर रात जारी बयान में वेनेजुएला को चेतावनी दी कि वे आगे ऐसी उकसावे वाली हरकत की तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। डनहम एक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर वॉरशिप है, जिसे अमेरिका ने पिछले सप्ताह वेनेजुएला के पास तैनात किया था। अमेरिका के मुताबिक, यह जहाज ड्रग्स और आपराधिक संगठनों को निशाना बनाने के लिए तैनात किया गया है। 40 साल पहले अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संबंध काफी अच्छे थे। साल 1982 में वेनेजुएला और अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के बीच 24 एफ-16 फाइटर जेट्स को लेकर करार हुआ था। इनकी डिलिवरी 1982 से 1985 के बीच हुई। यह पहली बार था जब किसी लैटिन अमेरिकी देश को एफ-16 दिए गए। शुरूआत में इन विमानों का रखरखाव और अपग्रेड भी अमेरिका ही करता था। 2000 के बाद जब ह्यूगो शावेज और फिर निकोलस मादुरो वेनेजुएला की सत्ता में आए, तब अमेरिका से इसके के रिश्ते बिगड़ गए। अमेरिका ने 2006 में वेनेजुएला पर हथियार प्रतिबंध लगा दिया,


जिस कारण वेनेजुएला अब अपने एफ-16 के लिए अमेरिकी स्पेयर पार्ट्स नहीं खरीद सकता था। इसके चलते ज्यादातर एफ-16 जेट धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं और इनका इस्तेमाल सीमित हो गया है। आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के पास अब 5 से 6 एफ-16 हैं जो उड़ने के काबिल हैं। बाकी या तो स्टोरेज में हैं या कबाड़ बन चुके हैं। वेनेजुएला ने इन्हें अपग्रेड कराने के लिए रूस और ईरान से मदद लेने की कोशिश भी की, लेकिन एफ-16 अमेरिकी तकनीक है, इसलिए इसे पूरी तरह से अपग्रेड करना मुश्किल हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ड्रग कार्टेल पर सख्ती के लिए यह नौसैनिक अभियान शुरू किया था। इसी वजह से दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने राष्ट्रपति मादुरो पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग कार्टेलों से मिले हुए हैं और उनकी मदद से अमेरिका और उसके इलाको में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं। अमेरिका ने तो मादुरो की गिरफ्तारी पर इनाम बढ़ाकर 5 करोड़ डॉलर तक कर दिया है। हालांकि, वेनेजुएला सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है और किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है।

# ट्रम्प बोले- हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया

## मोदी-पुतिन और जिनपिंग की फोटो पोस्ट की; कल कहा- भारत पर टैरिफ लगाना जरूरी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आशंका जताई है कि रूस और भारत अब चीन के पाले में जा चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा- ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रम्प के इस पोस्ट पर कोई भी बयान



देने से इनकार कर दिया है। भारत पर 50% टैरिफ लगाने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए हैं। भारत समेत बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामला की सुनवाई वर कोर्ट में चल रही है। ट्रम्प ने गुरुवार को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान होगा। ट्रम्प ने इससे पहले 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर की थी। इसमें उन्होंने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि ट्रम्प विदेशी सामान पर भारी टैरिफ नहीं लगा सकते। ट्रम्प ने कहा था कि भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए बहुत जरूरी हैं।

# यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

## यूक्रेन बॉर्डर पर इंटरनेशनल फोर्स तैनात होगी; जेलेंस्की ने ट्रम्प से भी समर्थन मांगा

एजेंसी

पेरिस, 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। मैक्रों ने कोएलिशन ऑफ विलिंग्स समिट के बाद प्रेस मीट में ये जानकारी दी। इस बैठक में एव समेत 35 देशों के नेता के शामिल हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति



जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा। मैक्रों ने कहा कि इससे भविष्य में किसी बड़े हमले को रोका जा सकेगा। कुछ देश यूक्रेन के बाहर से भी सहायता देंगे, जैसे कि यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देना और हथियारों की आपूर्ति करना। हालांकि, मैक्रों ने यह साफ नहीं किया कि कितने सैनिक शामिल होंगे या कौन-कौन से देश इस गारंटी में हिस्सा लेंगे। मैक्रों ने बताया कि सहायता देने वाले देशों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई देश अभी फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं। वहीं, अमेरिका की भागीदारी को लेकर अगले कुछ दिनों में अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने इस समिट में हिस्सा लिया। बैठक से पहले उन्होंने फ्रांसीसी, ब्रिटिश, जर्मन, इतालवी और यूक्रेनी वरिष्ठ राजनयिकों से मुलाकात की। यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन में शांति अभी दूर की कौड़ी लगती है, लेकिन वे युद्ध खत्म होने के बाद भी किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वे मानते हैं कि, इस प्रयास से यूक्रेन को अपने समर्थन का भरोसा दिला सकते हैं। साथ ही उम्मीद करते हैं कि ट्रम्प उनके फैसले में शामिल होंगे।

# बाढ़ पीड़ितों से मिलकर केजरीवाल का छलका दर्द

## बोले- खाने-पानी तक की दिक्कत, सरकार कहाँ है?



एजेंसी

**दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शास्त्री पार्क में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की, जहाँ उन्होंने राहत शिविरों में भोजन, पानी और मच्छर नियंत्रण की कमी जैसी गंभीर अव्यवस्थाओं को उजागर किया। उन्होंने इस प्राकृतिक आपदा के बावजूद लोगों को सुविधाएँ मुहैया कराने की ज़िम्मेदारी सरकार की बताई और जलभराव के लिए नालों की सफाई व गाद निकालने में देरी को मुख्य कारण बताया।**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शास्त्री पार्क क्षेत्र का दौरा किया और गंभीर जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हम राहत शिविर में लोगों का हालचाल जानने आए हैं। वे कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्हें समय पर खाना नहीं मिल रहा है, मच्छरों का प्रकोप है, लेकिन उनसे निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, पीने के पानी की समस्या है, हमें बताया गया कि कल ही टेंट लगाए गए थे, जबकि बारिश पहले से ही हो रही थी। केजरीवाल ने आगे कहा कि हम समझ सकते हैं कि यह एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन लोगों के लिए सभी व्यवस्थाएँ करना सरकार की ज़िम्मेदारी है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि राहत शिविरों में लोगों को सभी सुविधाएँ प्रदान करें। दिल्ली में हर जगह जलभराव है, कई इलाकों में इसका मुख्य कारण समय पर गाद निकालने का काम न होना, नालों की सफाई न होना और कई इलाकों में सीवर का बैकफ़्लो होना है। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में पीने का पानी नहीं है। इसलिए, हम सरकार से आग्रह करते हैं कि लोगों को जितनी भी सुविधाएँ उपलब्ध हों, उपलब्ध कराई जाएँ... पूरा उत्तर भारत - जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड बाढ़ से जूझ रहे हैं। इसलिए, मैं केंद्र से आग्रह करता हूँ कि लोगों को यथासंभव राहत प्रदान की जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने अफगानिस्तान में आए भूकंप के बाद राहत सामग्री उपलब्ध कराई थी। यह अच्छी बात है, लेकिन केंद्र को उन सभी राज्यों को भी राहत प्रदान करनी चाहिए जो इस समय संकट में हैं। गुरुवार सुबह 10 बजे पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 207.47 मीटर दर्ज किया गया। पिछले दो घंटों से जलस्तर स्थिर बना हुआ है, आज सुबह 8 और 9 बजे भी यही स्तर दर्ज किया गया। लगातार बारिश के बाद नदी लगातार खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर बह रही है। शहर के लिए यमुना का चेतावनी चिह्न 204.5 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है। लोगों को 206 मीटर से निकालने का काम शुरू हो गया है। इससे पहले आज सुबह 6 से 7 बजे के बीच यमुना नदी का जलस्तर 207.48 मीटर था। हालाँकि, राजधानी में नदी के जलस्तर में मामूली गिरावट के बावजूद, यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।



### पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल डिवीजन, पश्चिम रेलव डिवीजनल रेलवे प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008

काम - मुंबई डिवीजन में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन दिखाना

| नीलामी सूची संख्या | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| एमएमसीटी-एडीवीटीएमबी 25-6 | 23-09-25 12:00:00 |

| क्र० | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी कार्रवाई की समापन तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MMS-MobGen-133732-1-25-1 (MISC-मोबाइल-सेवाएँ-मोबाइल जनरल) | 12009/10-MMCT-ADI शताब्दी एक्सप्रेस में 3 साल की अवधि के लिए पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग के लिए एक ऐप-आधारित लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से गार्ड डिब्बे में निर्धारित बॉक्स/केज स्थान के उपयोग के लिए अनुबंध। | 1096 | 23-09-25 12:30:00 |
| 2 | MMS-MobGen-176202-1-25-1 (MISC-मोबाइल-सेवाएँ-मोबाइल जनरल) | 22953/54 गुजरात एक्सप्रेस में 3 साल की अवधि के लिए पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग के लिए एक ऐप-आधारित लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से गार्ड डिब्बे में निर्धारित बॉक्स/केज स्थान के उपयोग के लिए अनुबंध। | 1096 | 12:30:00 12:40:00 |

| नीलामी सूची संख्या | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| एमएमसीटी-एडीवीटीएमबी 25-9 | 23-09-25 13:00:00 |

| क्र० | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी कार्रवाई की समापन तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PnU-BCT-MMCT-WRL-27-22-1(Pay and Use-Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | मुंबई डिवीजन के मुंबई सेंट्रल (एमएमसीटी) स्टेशन पर ५ साल की अवधि के लिए लॉकर रूम सेवाओं का नवीनीकरण, प्रबंधन, रखरखाव, संचालन और संचालन संबंधी कार्य। | 1826 | 23-09-25 13:30:00 |

| नीलामी सूची संख्या | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| एमएमसीटी-एडीवीटीएम 25-26 | 23-09-25 14:00:00 |

| क्र० | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी कार्रवाई की समापन तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1(Misc-Static-Services- Medical facilities at station) | मटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल रूम के माध्यम से ५ साल के लिए २४ घंटे मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराना। | 1826 | 23-09-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services- Medical facilities at station) | नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल रूम के माध्यम से ५ साल के लिए २४ घंटे मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराना। | 1826 | 23-09-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR-STGen-57-25-1(Misc-Static-Services- Static General) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी | 1826 | 23-09-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1(Misc-Static-Services- Static General) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं वाले डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी | 1826 | 23-09-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-BVI-STGen-59-25-1 (Misc-Static-Services-Static General) | बोरीवली स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं वाले डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी | 1826 | 23-09-25 15:10:00 |

| नीलामी सूची संख्या | नीलामी शुरू (सभी लॉट) |
|---|---|
| एमएमसीटी-एडीवीटीएम 25-33 | 23-09-25 15:00:00 |

| क्र० | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी कार्रवाई की समापन तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-DGI-OSN-431-25-1(Advertising-On Station Premise(Non-Digital) | डुंगरी (DGI) स्टेशन पर तीन साल के लिए बल्क विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 23-09-25 1530:00 |
| 2 | ADVT-BCT-BL-OSN-435-25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital) | वाल्साद (BL) स्टेशन पर तीन साल के लिए बल्क विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 23-09-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-ST-OSN-434-25-1(Advertising-On Station Premise (Non-Digital) | सूरत (ST) स्टेशन पर तीन साल के लिए बल्क विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 23-09-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-VAPI-OSN-433-25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital) | वापी (VAPI) स्टेशन पर तीन साल के लिए बल्क विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 23-09-25 16:00:00 |

संपर्क विवरण:- लैंडलाइन नंबर:- 02267644212, ईमेल आईडी:- acmadvtgbct@gmail.com

नोट: इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट-वार विवरण वहां उपलब्ध है। 0566

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे - भावनगर मंडल

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**निविदा सं: 161-2025-26 से 171-2025-26**

| सं | ई-निविदा सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य(रु.) | EMD रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 161-2025-26 | सीनियर डीईएन (सी) क्षेत्राधिकार स्वीकृत कार्य के अंतर्गत ट्रैक मैन (37 संख्या) के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष उपलब्ध कराना भावनगर मंडल - ट्रैक मैन (81 संख्या) के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष उपलब्ध कराना। | 4,49,64,542.32 | 3,74,800.00 |
| 2 | 162-2025-26 | भावनगर मंडल के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत जेतलसर में स्टोर रूम का निर्माण, सामान्य सेवा भंडार भवन का विस्तार और बुनियादी ढांचे में सुधार। | 69,58,311.48 | 1,39,200.00 |
| 3 | 163-2025-26 | समूह कार्य: (1) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 35/5-6 पर LC नंबर 43 'C' क्लास नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर RUB का निर्माण (2) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 39/2-3 पर LC नंबर 46 'C' क्लास नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर RUB का निर्माण (3) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 43/6-7 पर LC नंबर 50 'C' क्लास नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर RUB का निर्माण (4) (ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन) - किमी 51/5-6 पर LC नंबर 57 'C' क्लास नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर RUB का निर्माण (5) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 80/0-1 पर LC नंबर 85 'C' क्लास नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर RUB का निर्माण | 39,26,18,874.78 | 21,13,100.00 |
| 4 | 164-2025-26 | जेतलसर - सोमनाथ खंड: आद्री - वेरावल ब्लॉक खंड में सेस का चौड़ीकरण। | 2,32,29,579.39 | 2,66,200.00 |
| 5 | 165-2025-26 | समूह कार्य:- (1) सुरेन्द्रनगर - ढोला खंड: पीआरसीएल लाइन पर किमी 58/4 - 5 पर एलसी संख्या 148, किमी 68/8 - 9 पर एलसी संख्या 156 और किमी 73/0 - 1 पर एलसी संख्या 159 के स्थान पर आरयूबी का निर्माण, (साइज़ 1 x 5.00 M x 4.5 M बॉक्स) (2) सुरेन्द्रनगर - ढोला खंड: किमी 20/1 - 2 पर मानवयुक्त एलसी संख्या 116, सी-क्लास के स्थान पर आरयूबी का निर्माण | 33,62,30,815.01 | 18,31,200.00 |
| 6 | 166-2025-26 | समूह कार्य:- (1) साबरमती-बोटाद खंड:- किमी 34/6-7 पर मानवयुक्त एलसी संख्या 42, सी-क्लास के स्थान पर आरयूबी का निर्माण (साइज़ : 4 M x 5 M बॉक्स) (परियोजना आईडी:15.02.30.25.3.51.014)। (2) साबरमती - बोटाद खंड:- किमी 159/9-160/0 पर मानवयुक्त एलसी संख्या 153, बी2-क्लास के स्थान पर आरयूबी का निर्माण (साइज़ : 4 M x 5 M बॉक्स) परियोजना आईडी:15.02.30.25.3.51.013 (3) सुरेन्द्रनगर-धोला खंड: पीआरसीएल लाइन पर किमी 32/2-3 पर एलसी संख्या 127 के स्थान पर और किमी 33/9-34/0 पर एलसी संख्या 129 के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (साइज़ : 1 X 5.00 M X 4.5 M बॉक्स) (परियोजना आईडी: 15.02.30.25.3.51.006) | 35,25,54,160.54 | 19,12,800.00 |
| 7 | 167-2025-26 | समूह कार्य: (1) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 44/6-7 पर एलसी संख्या 51 'सी' श्रेणी नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर एलएचएस का निर्माण (2) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 73/1-2 पर मानवयुक्त एलसी संख्या 78, सी-क्लास के स्थान पर आरयूबी का निर्माण (3) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 80/8-9 पर मानवयुक्त एलसी संख्या 86, सी-क्लास के स्थान पर आरयूबी का निर्माण (4) ढसा - राजुला जंक्शन सेक्शन - किमी 82/9-83/0 पर एलसी संख्या 89 'सी' श्रेणी नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। | 37,83,10,920.10 | 20,41,600.00 |
| 8 | 168-2025-26 | समूह कार्य: (1) ढसा - राजुला जंक्शन खंड - किमी 92/9-93/0 पर एलसी संख्या 101 'सी' श्रेणी नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (2) राजुला-महुवा खंड - किमी 107/1-2 पर एलसी संख्या 112/X के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (3) ढसा - राजुला जंक्शन खंड - किमी 86/8-9 पर एलसी संख्या 94 'सी' श्रेणी नॉन-इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (4) राजकोट-जेतलसर खंड - किमी 30/4-5 पर एलसी संख्या 29 'सी' श्रेणी के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। | 37,39,07,301.09 | 20,19,500.00 |
| 9 | 169-2025-26 | समूह कार्य: (1) कानालुस-पोरबंदर खंड - किमी 912/9.913/0 पर नियंत्रण रेखा संख्या 45 सी श्रेणी नॉन इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (2) जेतलसर-वांसजालिया खंड - किमी 167/4-5 पर नियंत्रण रेखा संख्या 79 सी श्रेणी ट्रैफिक इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (3) कानालुस-पोरबंदर खंड - किमी 947/5-6 पर नियंत्रण रेखा संख्या 70 सी श्रेणी नॉन इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। (4) जेतलसर-वांसजालिया खंड - किमी 189/6-7 पर नियंत्रण रेखा संख्या 96 सी श्रेणी इंजीनियरिंग इंटरलॉक्ड के स्थान पर आरयूबी का निर्माण। | 33,09,00,491.95 | 18,04,500.00 |
| 10 | 170-2025-26 | जेतलसर - सोमनाथ खंड:- किमी 165.6 से 166.3 और किमी 168.8 से 169.1 तक ऊंचे तटवर्ती स्थानों पर टो वॉल प्रदान करके तटबंध की सुरक्षा। | 2,98,32,738.05 | 2,99,200.00 |
| 11 | 171-2025-26 | डीईएन (पश्चिम) भावनगर क्षेत्राधिकार: स्वीकृत कार्य के अंतर्गत ग्लूड जोड़ों के 1533 सेटों का प्रतिस्थापन:- (1) भावनगर मंडल:- ग्लूड जोड़ों के 2977 सेटों का प्रतिस्थापन। (15.02.31.24.3.51.005) (2) भावनगर मंडल 2 से 4 डिग्री के मोड़ पर SWR से LWR में रूपांतरण। परियोजना आईडी 15.02.31.24.3.51.006) (3) भावनगर मंडल -टीआरआर (पी) प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों पर 20.808 टीकेएम। (परियोजना आईडी 15.02.31.24.3.51.010) | 6,42,84,091.27 | 4,71,400.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बोली प्रारंभ तिथि:** 10/09/2025 बोली **समाप्ति तिथि:** 24/09/2025 एनआईटी रेलवे की **वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक - 02/09/2025** को अपलोड कर दी गई है। BVP 123

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

संक्षेप

## अखंडनगर में युवक की संदिग्ध मौत

### घर के बाहर पेड़ से लटका मिला शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सुलतानपुर, जिला के अखंडनगर थाना क्षेत्र के मीरपुर प्रतापपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फैजुल्लापुर मजरे निवासी देवेंद्र कुमार दुबे के 22 वर्षीय अविवाहित पुत्र प्रदीप कुमार दुबे का शव बुधवार रात साढ़े नौ बजे घर के बाहर पेड़ से लटका मिला। शव गमछे और साड़ी से बंधा हुआ था। पिता ने शव को उतारकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बेलवाई चौकी प्रभारी विनोद कुमार पटेल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा ने बताया कि अभी तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ईद मिलादुन नबी पर दियरा में निकला जुलूस

### शाही मदीना मस्जिद से शुरू होकर दियरा बाजार तक गया जुलूस, प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

सुलतानपुर, मोतिगरपुर में ईद मिलादुन नबी का जुलूस शाही मदीना मस्जिद दियरा कमेटी द्वारा निकाला गया। जुलूस शाही मदीना मस्जिद से प्राथमिक चिकित्सालय दियरा होते हुए दियरा बाजार की ओर गया। मार्ग में विजय मोदनवाल और अनमोल अग्रहरी ने जुलूस का स्वागत किया। उन्होंने जुलूस में शामिल लोगों को जलपान कराया, जो गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। जुलूस दियरा चौक से होते हुए मोतिगरपुर रोड पर स्थित प्राइमरी स्कूल तक पहुंचा। दियरा ग्रामीण बैंक के सामने मस्जिद के इमाम ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने इंसानियत, भाईचारे और अमन का संदेश दिया। दोनों धर्मों के लोगों को मिल-जुलकर रहने और देश में शांति की दुआ मांगी गई। थाना प्रभारी मोतिगरपुर अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर विजय सिंह अस्वस्थ होने के बावजूद जुलूस में शामिल हुए। एसडीएम प्रभात कुमार सिंह और सीओ जयसिंहपुर आशुतोष कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कमेटी अध्यक्ष इरफान खान ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक दिवस पर वन महोत्सव का आयोजन

### भदैंया में 50 पौधे रोपे गए, छात्राओं ने दिए पर्यावरण संरक्षण के संदेश

सुलतानपुर, भदैंया के शिवगढ स्थित परमहंस इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर वन महोत्सव मनाया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरव सिंह की देखरेख में 50 से अधिक पौधे लगाए गए। कॉलेज प्रबंधक डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। वृक्षों से मिलने वाली ऑक्सीजन, फल, छाया और ऊर्जा के बारे में बताया।

# सम्मान के लिए टीचरों की लाइन

## डिप्टी सीएम कर रहे थे सम्मानित, 100 से अधिक शिक्षकों को नहीं मिली शॉल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, जिला पंचायत सभागार में शिक्षकों का सम्मान हुआ। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने टीचरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मोमेटो भी दिया। शॉल पाने के लिए टीचरों की लंबी लाइन लग गई। इसी बीच अचानक शॉल खत्म हो गई। मंच पर टीचर शॉल का इंतजार करने लगे, तभी संचालन कर रहे डॉ. शैलेश पांडेय ने हाथ जोड़ लिए। कहा- शॉल खत्म हो गई, इसलिए कोई नाराज न हो। जिन लोगों को शॉल नहीं मिली है, उनके घरों में शॉल पहुंचाई जाएगी। 1 घंटे लाइन में लगने के बाद करीब 100 लोगों को शॉल नहीं मिली। उन्हें फूल माला पहनाया गया। सम्मान पाने वालों में ज्यादातर शिक्षक पार्टी से ही जुड़े थे, इसलिए वह बिना कुछ कह वहां से चले गए। शिक्षक दिवस के अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने



शिक्षकों के सम्मान के लिए कार्यक्रम रखा। इसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे। डॉ. शैलेश पांडेय लिस्ट में लिखे नामों को पुकारने लगे। धीरे-धीरे मंच से लेकर जिला पंचायत सभागार के बाहर तक 350 शिक्षकों की लंबी लाइन लग गई। करीब एक घंटे तक चले इस समारोह में 100 से ज्यादा शिक्षक बचे तो कि पता चला कि शॉल ही खत्म हो गई। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में 340 लोगों को बुलाया गया था। मगर कार्यक्रम में इससे अधिक लोग आ गए थे। इस कारण से शॉल कम पड़ गए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षक परेशान हैं। हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे लेकिन इतना जरूर कहेंगे कि डबल इंजन वाली भाजपा सरकार में शिक्षा और शिक्षक दोनों प्राथमिकता में थे, हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा- प्रयागराज आज विकास के मुकाम की तरफ आगे बढ़ रहा है। लेकिन मैं यह भी मानता हूं कि विकास के मामले में हम अभी भी पीछे हैं। यह सच है कि आज देश के अंदर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े प्रयास किए गए हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने शिक्षकों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा, विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित परिवार और विकसित प्रयागराज को लेकर जो भी सुझाव और मार्गदर्शन हो वह शिक्षक साथी जरूर दें। इसके लिए हमारे जनप्रतिनिधियों से संपर्क करें। उनहोंने वादा किया डबल इंजन सरकार का खजाना हमेशा प्रयागराज और पूरे उत्तर प्रदेश के लिए खुला है। कार्यक्रम के अंत में यूपी बोर्ड के पूर्व सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने सभी के प्रति आभार जताया।

मंच पर पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में भीषण आग

## शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान जला, दमकल की 6 गाड़ियों ने पाया काबू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, सरायममरेज थाना क्षेत्र के बंदी पट्टी चौराहे पर एक इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में आग सुलग रही थी। सुबह अचानक आग ने भीषण रूप ले लिया जिसकी लपटे मकान के बाहर निकलने लगी थी। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम से उठती ऊंची-ऊंची लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। इस दौरान गोदाम में रखा लाखों रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया।



दमकलकर्मी लगातार पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उस पर काबू पाने में घंटों की मशक्कत करनी पड़ी। फिलहाल राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल की टीमें मौके पर नहीं पहुंचती, तो आग आसपास के अन्य मकानों और दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। वहीं, गोदाम मालिक को इस घटना से भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि गोदाम और बाजारों में सुरक्षा इंतजामों को और पुख्ता किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# राहुल गांधी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी

- अमेठी में यूथ कांग्रेस ने थाने में दी शिकायत, एफआईआर की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने संग्रामपुर कोतवाली का रुख किया। कार्यकताओं ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरुद्ध




एफआईआर दर्ज करने की मांग की। शुभम सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी के बेटे हैं और यहां के हर घर से उनका पारिवारिक नाता जुड़ा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को अमेठी कांग्रेस और यूथ कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। यह न सिर्फ राहुल गांधी के सम्मान पर चोट है, बल्कि अमेठी की जनता की भावनाओं का भी अपमान है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो यूथ कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष लोहा सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सभाजीत शुक्ला समेत कई पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम

## 50 सेवानिवृत शिक्षकों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सुल्तानपुर में शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से सेवानिवृत 50 शिक्षकों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने सेवानिवृत शिक्षकों के संघर्ष से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर संकट के समय संघ उनके साथ खड़ा रहेगा। संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने शिक्षकों पर बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों पर चिंता जताई। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के



लिए आंदोलन की घोषणा की। सम्मानित शिक्षकों में कूरेभार से शेषनाथ सिंह, जयसिंहपुर से मुख्तार अहमद, नगर क्षेत्र से कविता कुमारी समेत विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षक शामिल थे। जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव



- खरगीपुर मोड़ के पास हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, रामगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। रामगंज-सोनारी मार्ग पर खरगीपुर मोड़ के पास सड़क किनारे मिले शव की पहचान पनवरिया मजरे अग्रेसर गांव के रामबहाल कोरी (45) के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटा रही है। घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्वदेशी वस्तुओं के लिए भाजपा का अभियान

## 1 से 15 सितंबर तक घर-घर जाकर लोगों को करेंगे जागरूक, हस्ताक्षर अभियान भी चलेगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भारतीय जनता पार्टी ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चलेगा। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद भाजपा ने यह कदम उठाया है। इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर और दुकान-दुकान जाकर लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही इस अभियान में लोगों के हस्ताक्षर भी लिए जाएंगे। अमेठी में इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष और भाजपा नेता महेश सोनी को सौंपी गई है। सोनी व्यवसायियों की दुकानों पर जाकर उन्हें



स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए जागरूक कर रहे हैं। महेश सोनी ने बताया कि यह अभियान पार्टी के निर्देश पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम दुकान-दुकान जाकर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित कर रही है। उनका मानना है कि देश में बने सामानों का प्रयोग करने से देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## अलीगढ़-गाजियाबाद हाईवे डिवाइडर से बाइक टकराई, अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, अलीगढ़-गाजियाबाद हाईवे के पचमेड़ा मोड़ पर एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से मलखान सिंह अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दिल्ली के शालीमार बाग के जेजे कॉलोनी के रहने वाले सीटू (30) सिंह पुत्र लालाराम अपने एक मित्र प्रमोद (22) पुत्र मेवाराम के साथ दिल्ली से एटा जा रहे थे। एटा जाने के लिए दोनों बाइक से ही निकल पड़े थे और अलीगढ़ में हाईवे पर हादसे का शिकार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि



उनकी बाइक तेज रफ्तार में थी और अचानक अनियंत्रित हो गई। जिसके कारण बाइक डिवाइडर से टकराई और दोनों युवक उछल कर काफी दूर तक घिसटते हुए गए। हादसे के कारण उनके गंभीर चोटें आई थी और दोनों बेहोश हो गए। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिजन शाम को अलीगढ़ पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिए। वहीं दूसरी ओर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार के लोग शव लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

सीओ गभाना संजीव तोमर ने बताया कि दोनों युवक दिल्ली से एटा जा रहे थे। रास्ते में बाइक अचानक बेकाबू हो गई, जिसके कारण दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

# दबंगों ने रोका सार्वजनिक रास्ता

## अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा मांग पत्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, महावन थाना क्षेत्र के काजीपाड़ा मोहल्ले में कुछ दबंग लोगों ने सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बना दी है। इस मामले में अखिल भारतीय समता फाउंडेशन और महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि दबंग लोग पुलिस से मिलीभगत कर अवैध कब्जा कर रहे हैं। साथ ही




अनुसूचित जाति की महिलाओं के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें धमकी दी जा रही है। विरोध में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने राजकीय छात्रावास से जिला अधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई और अनुसूचित जाति- जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी और समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने चेतावनी दी है कि 24 घंटे में रास्ता नहीं खुला तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

# किसान की संदिग्ध मौत

## खाद डालने गए 50 वर्षीय किसान का धान के खेत में मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के जमुवारी गांव में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। खेत में खाद डालने गए 50 वर्षीय कुंवर बहादुर सिंह का शव उनके घर से मात्र 200 मीटर दूर धान के खेत में मिला। मृतक के परिजनों का कहना है कि कुंवर बहादुर गुरुवार शाम को खेत में खाद डालने गए थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ रात में ही खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मृतक की भाभी उर्मिला सिंह ने आरोप लगाया कि कुंवर की पेट्रोल डालकर हत्या की गई है। मृतक के भाई समर बहादुर सिंह ने बताया कि जिस खेत में शव मिला, वहां रात में तलाशी ली गई थी, लेकिन कुछ नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि गांव में उनकी दुश्मनी थी और बाद में हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया।

# पत्नी और उसके प्रेमी ने शराब पिलाकर की हत्या

## ईंट से वार कर चाकू से रेता गला, महेश हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, दलित महेश की हत्या के मामले में पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और ईंट भी बरामद कर ली है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह और सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा किया। चांदा पुलिस को किंदीपुर में महेश की हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में



लिया और पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। सीडीआर और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने जांच में पाया कि हत्या में मृतक की पत्नी पूजा और उसका प्रेमी जयशंकर शामिल थे। दोनों ने पहले से ही महेश को मारने की योजना बनाई थी। बुधवार रात जयशंकर महेश को अपने साथ ले गया और उसे शराब पिलाई। नशे में धुत होने के कारण महेश चल नहीं पा रहा था और पेड़ के नीचे गिर गया। जयशंकर ने पूजा को फोन कर बुलाया। फिर जयशंकर ने चाकू से महेश का गला रेत दिया और पूजा ने ईंट से उसके सीने पर वार किया।

इस हमले में महेश की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी